हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 12 अगस्त 2025



# पीटीएस में मनेगा आजादी का जश्न, विस अध्यक्ष फहराएंगे ध्वज, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी

## पांच सौ से अधिक बच्चे देंगे सांस्कृति प्रस्तुति, पुलिस और सुरक्षा बल के जवान करेंगे परेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आजादी की 79वीं वर्षगांठ का जश्न शहर के पुलिस परेड ग्राउंड में मनाया जाएगा। जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले इस आयोजन में ध्वजारोहण विस अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह द्वारा किया जाएगा, जहां तीन सौ से अधिक पुलिस एवं सुरक्षा बल के जवान परेड में शामिल होंगे। वहीं जिले की आधा दर्जन स्कूल के पांच सौ से अधिक बच्चे सांस्कृतिक आयोजन में हिस्सा लेंगे। आयोजन को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप देने का काम शुरू कर दिया गया है।

इधर 15 अगस्त के आयोजन से पहले रिहर्सल का दौर जारी है। पुलिस परेड मैदान में सुरक्षा बल के जवान परेड की तैयारियां कर रहे है। वहीं प्रशासन भी आयोजन को लेकर तैयारियों को पूरा करने में जुट गया है। ज्ञात हो कि कलेक्टर ने पिछले दिनों आला-अफसरों की एक बैठक कर आयोजन को लेकर दिशा-निर्देश दिए थे। जिसमें उन्होंने समारोह स्थल में साफ-सफाई, बेरिकेटिंग, मंच, साज-सज्जा, दर्शक दीर्घा, पेयजल, विद्युत, पार्किंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगोली, पुरस्कार वितरण सहित अन्य आवश्यक तैयारी के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्वल्पाहार की व्यवस्था करने के साथ ही स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी शासकीय कार्यालय एवं सार्वजनिक महत्व के भवनों में रोशनी की व्यवस्था करने कहा था। कलेक्टर ने कहा कि सभी कार्यालयों में अच्छी तरह साफ-सफाई होनी चाहिए।

### मूणत, देवेंद्र भी अतिथि

प्रदेश शासन द्वारा जिला स्तर पर आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम के अतिथियों की सूची जारी कर दी गई है। राजनांदगांव जिले के मुख्य आयोजन में विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। ऐसे ही मोहला-मानपुर-चौकी जिले में विधायक राजेश मूणत एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह को अतिथि बनाया गया है। संबंधित जिले में अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा।



### तीन ब्लॉक से आएंगे बच्चे

जिला मुख्यालय में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम में पहली दफा राजनांदगांव ब्लॉक के अलावा अन्य दो ब्लॉक से भी स्कूली बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए बुलाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव ब्लॉक से युगांतर पब्लिक स्कूल, गायत्री विद्यापीठ, एकलव्य स्कूल, डोंगरगढ़ से नवोदय स्कूल एवं डोंगरगांव से आत्मानंद स्कूल के बच्चे आयोजन में शामिल होंगे।

### 13 को अंतिम रिहर्सल

मिली जानकारी के अनुसार पंद्रह अगस्त से पहले कल 13 की सुबह आयोजन को लेकर फाइनल रिहर्सल की जाएगी। इस दौरान स्कूली बच्चों के नृत्य एवं सांस्कृतिक आयोजनों के साथ ही पुलिस के जवान परेड करेंगे। इस दिन ही आयोजन को लेकर अंतिम रूप से तैयारियों को अंजाम दिया जाएगा।

---

## राजनांदगांव के बाद दुर्ग जिला शिक्षा विभाग ने भी की कार्रवाई

# युक्तियुक्तकरण के बाद 36 शिक्षकों ने नहीं दी ज्वाइनिंग, सभी के रोके वेतन!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जून महीने में पूरी की गई युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत जिन स्कूलों में शिक्षकों को भेजा गया था, उनमें से अब भी 36 शिक्षक ने ज्वाइन नहीं किया है। दो महीने बाद भी इन शिक्षकों के नहीं पहुंचने से संबंधित स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ऐसे में इन शिक्षकों के खिलाफ एक्शन लेते हुए शिक्षा विभाग ने सर्विस ब्रेक मानते हुए इनके वेतन रोक दिए हैं। वहीं आगे की कार्रवाई के लिए प्रदेश स्तर से मार्गदर्शन भी मांगा है।

उल्लेखनीय है कि एकल शिक्षकीय, शिक्षक विहीन के साथ ही शिक्षकों की कमी से जूझ रहे स्कूलों में समस्या दूर करने की मंशा से सरकार ने इस बार युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया की है। जिसके तहत जिन स्कूलों में अधिक शिक्षक है, उन्हें दूसरे स्कूलों में भेजा गया है।

जिले में भी प्रक्रिया के तहत राज्य शासन से जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार काउंसलिंग में भाग नहीं लेने वाले शिक्षकों को शेष रिक्त पदों पर पदस्थापना दी गई। जिले में प्राथमिक शाला में 248 शिक्षक, 5 प्रधान पाठक और मिडिल स्कूल में 88, हाई, हायर सेकंडरी स्कूल में 90 के करीब अतिशेष शिक्षक थे। वहीं कुल 408 शिक्षक हैं, जिन्हें काउंसलिंग के माध्यम से पदस्थापना दी गई है।

**खास बातें**

- दुर्ग जिले के 32 और नांदगांव के 4 शिक्षक शामिल
- दो महीने से ज्वाइनिंग नहीं देने के चलते रोका गया वेतन
- आगे की कार्रवाई के लिए तैयारी




### आदेश बदलवाने जुगाड़ में जुटे

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिन शिक्षकों ने युक्तियुक्तकरण के बाद भी अब तक ज्वाइनिंग नहीं दी है। वे अपना आदेश संशोधन कराने की जुगत में जुटे हुए है। यह शिक्षक नई स्कूल में ज्वाइनिंग इसलिए भी नहीं दे रहे हैं। हालांकि शिक्षा विभाग इनके खिलाफ एक्शन की तैयारी कर रहा है।

### स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित

जिले में 6 प्राथमिक शालाएं शिक्षक विहीन थी, लेकिन अब सभी शालाओं में युक्तियुक्तकरण के तहत शिक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। वहीं 93 प्राथमिक शालाएं एकल शिक्षकीय शाला थी। जबकि अब 1 स्कूल एकल शिक्षकीय है। इसी तरह पहले 9 पूर्व माध्यमिक शाला एकल शिक्षकीय थी। जबकि वर्तमान में सिर्फ 1 स्कूल एकल शिक्षकीय है। ऐसे स्कूलों के समायोजन से जिनमें छात्रों की संख्या कम है, वहां युक्तियुक्तकरण से विद्यार्थियों को फायदा होने के दावे किए गए थे, लेकिन कई स्कूलों में शिक्षकों की ज्वाइनिंग नहीं किए जाने से आज भी कमी बनी हुई है।

### दुर्ग के शिक्षक नहीं आ रहे

मिली जानकारी अनुसार जिले में जिन 36 शिक्षकों ने युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के बाद नई पदस्थापना में ज्वाइनिंग नहीं दी है, उनमें सर्वाधिक 32 शिक्षक दुर्ग के शामिल हैं। दुर्ग से जिन 68 शिक्षकों को राजनांदगांव भेजा गया है, वे अब तक अपनी ज्वाइनिंग नहीं दी है। ऐसे में दुर्ग जिला शिक्षा अधिकारी ने आदेश जारी करते हुए इन गैरहाजिर शिक्षकों की सर्विस ब्रेक मानते हुए वेतन रोक दिए हैं।

### सभी की अपील अमान्य

युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के बाद शिक्षकों को कारण सहित अपील करने का मौका भी दिया गया था। जिले में भी कुल आठ शिक्षकों ने अपनी अपील जिला स्तरीय समिति के पास की थी। इनमें विषय परिवर्तन, गंभीर बीमारी, स्कूल की दूरी अधिक होने जैसी बातें शामिल थी। हालांकि जिला स्तरीय समिति ने सभी आठ अपील को कारण देखने के बाद अमान्य कर दिया है।

---

# दो जिलों में फैला फर्जी नियुक्ति का नेटवर्क, जांच के बाद एक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

शिक्षा विभाग में 9 लोगों द्वारा शिक्षा आयोग के फर्जी नियुक्ति आदेश पर बीते 38 महीनों से सरकारी कोषालय से वेतन लेकर रेग्युलर कर्मचारियों के रूप में नौकरी कर रहे लोग मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी तथा खैरागढ़ दो-दो नए जिले के कलेक्टोरेट और शिक्षा अधिकारी कार्यालय के मलाईदार कुर्सी में विद्यमान हैं।

इस फर्जीवाड़ा का पूरे तथ्यों के साथ हरिभूमि में मामला उजागर होने के बाद मोहला कलेक्टोरेट के प्रभावशील कुर्सी संभालने वाले तथाकथित दो कर्मचारियों को उनके ड्रॉइंग पावर से हटा दिया गया है। इनकी नियुक्ति, ज्वाईनिंग तथा मलाईदार कुर्सी तक पहुंचने के मामले में संपूर्ण तथ्यों के उजागर होने के साथ जांच कार्रवाई सुनिश्चित होने के पहले राजनांदगांव, मोहला तथा खैरागढ़ जिला शिक्षा अधिकारी, कलेक्टर कार्यालय की बेहद संदिग्ध भूमिका बताई जा रही है, जिन्होंने नियुक्ति पत्र की सत्यता का अवलोकन करने के बजाय सीधे इन्हें विभिन्न पदों पर ज्वाईनिंग दे दी।

उल्लेखनीय है कि तृतीय श्रेणी, कम्प्यूटर ऑपरेटर के रूप में बीते 38 महीने से रेग्युलर कर्मचारी के तौर पर सरकारी कोषालय से अब तक लाखों रुपए वेतन प्राप्त कर लेने वाले लोगों को मोहला-मानपुर तथा खैरागढ़ जिले के विभिन्न हाई स्कूलों में पदस्थापना बताया जा रहा है। जबकि वे लोग मोहला तथा खैरागढ़ के कलेक्टोरेट, शिक्षा विभाग के विभिन्न मलाईदार शाखा देख रहे हैं।

⏩ शेष पेज 11 पर


सरकारी सिस्टम पर लगी सेंध, रेग्युलर कर्मचारी के तौर पर तैनात

फर्जी नियुक्ति पत्र के आधार पर 3 साल से नौ लोग बन गए शिक्षा विभाग के कर्मचारी

### कराएंगे जांच

पूरे प्रकरण की हरिभूमि से जानकारी मिली है। गंभीर मामले में तथात्मक जांच कराई जाएगी।

\- विक्रात सिंह, उपाध्यक्ष जिला पंचायत खैरागढ़

### एफआईआर की मांग

इस मामले की त्वरित जांच कर लिप्त सभी लोगों के ऊपर एफआईआर दर्ज कर विभागों में इनके द्वारा किए गए काले कारनामों को उजागर करना चाहिए।

\- इंद्रशाह मंडावी, विधायक, मोहला-मानपुर

### ज्वाईनिंग लेटर-सर्विस बुक लेकर पहुंचे

नांदगांव से पृथक होकर अस्तित्व में आए मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी तथा खैरागढ़ जिले मे राजनीतिक उठापटक और जिला निर्माण की धूम धड़ाका के बीच 5 मई 2022 को शिक्षा आयोग के फर्जी नियुक्ति आदेश और शिक्षा विभाग के अवर सचिव सरोज उईके का तथाकथित पदस्थापना लेटर एवं सर्विस बुक लेकर चार लोग मोहला पहुंचे। जिनमें से दो शिक्षा अधिकारी कार्यालय तथा दो कलेक्टर कार्यालय में बतौर रेग्युलर कर्मचारी के रूप में ज्वाईनिंग किए। पड़ताल के मुताबिक इसी तरह खैरागढ़ जिला अधिकारी कार्यालय में दो तथा कलेक्टर में दो लोगों ने सरकारी कर्मचारियों के रूप में ज्वाईनिंग किए हैं।

### चार मोहला, चार खैरागढ़ में पदस्थ

पड़ताल में सामने आया कि उक्त आदेश के तहत नौ लोगों में डोलामनी मटारी डाटा एंट्री ऑपरेटर मोहला विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, शादाब उस्मान डाटा एंट्री ऑपरेटर कलेक्टर कार्यालय मोहला शिकायत मुख्यमंत्री सचिवालय आयुक्त आदि शिकायत डीएमएफ फंड, अमीन शेख कलेक्टोरेट वित्त शाखा, आशुतोष सिंह कछवाहा विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में संलग्न है। जिनका वेतन मोहला के भावसा, करमरी, मडियानवाडवी तथा अंबागढ़ चौकी के जादूटोला हाईस्कूल से निकाला जा रहा है। इसी तरह रजिया अहमद, टीकमचंद, फागेंद्र कुमार सिंन्हा, अजहर सिद्दीकी खैरागढ़ के जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय तथा कलेक्टोरेट कार्यालय में स्थापना, डीएनएफ फंड, वित्तीय शाखा देख रहे हैं। बताया गया कि एच. अन्थोनी अम्मा मंत्रालय के शाखा में पदस्थ है।

---

# स्कूल से लापता नाबालिग छात्रा मिली बिलासपुर के कोटा में हुआ अनाचार

- नाबालिग सहपाठी सहित रूम दिलाने वाला सहयोगी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में छात्र-छात्राओं के माता-पिता एवं शैक्षणिक संस्थाओं को कुरेदने वाली घटना घटी है। दो नाबालिग छात्रों से जुड़ी यह घटना बच्चों के परवरिश और सामाजिक व्यवस्था को झकझोर कर रख दिया है।

बीते दिन जिले के एक शासकीय हाईस्कूल से लापता नाबालिग किशोरी बिलासपुर के कोटा से बरामद हुई है। जिसके साथ अनाचार की घटना घट गई। मामले में तत्काल संज्ञान लेते हुए खड़गांव पुलिस ने बिलासपुर पुलिस से सहयोग लेते एफआईआर दर्ज कर एक सहपाठी नाबालिग छात्र तथा कमरा दिलाने वाला आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करने में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार बीते रोज खड़गांव थाना क्षेत्र के एक हाईस्कूल से शैक्षणिक गतिविधि के बीच 11वीं कक्षा के दो नाबालिग छात्र एवं छात्रा

⏩ शेष पेज 11 पर

### भेजा गया जेल

नाबालिग सहित एक सहयोगी को हिरासत में लेकर न्यायालय अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

\- संजय यादव, निरीक्षक, खड़गांव

---

# चारागाह की जमीन पर अतिक्रमण से नाराज ग्रामीणों ने घेरा कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गांव की घास भूमि पर अतिक्रमण के मामले को लेकर ग्राम खुटेरी के सैकड़ों ग्रामीणों ने आज जिला कार्यालय का घेराव करते हुए चारागाह की जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की है।

सोमनी क्षेत्र के ग्राम खुटेरी में लगभग 8 एकड़ से अधिक घास भूमि है, जिस पर कुछ भूमि में गांव के ही तीन लोगों द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। इस कब्जे को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए खुटेरी के सैकड़ों ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर कार्रवाई नहीं होने को लेकर नाराजगी जताई है। वहीं शासन-प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए जमकर नारेबाजी की।



### ग्रामीणों ने छोड़ा अतिक्रमण

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि गांव की घास भूमि पर लगभग 167 ग्रामीणों ने अतिक्रमण किया हुआ था। बीते 4 जुलाई को ग्राम समिति की बैठक में सभी ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया कि ग्राम खुटेरी में घास भूमि पर किए गए अपने अतिक्रमण को सभी अपनी स्वेच्छा से छोड़ेंगे। वहीं अतिक्रमण पर बोई हुई फसल को मवेशियों को चराया जाएगा। जिसके लिए किसी भी प्रकार से क्षतिपूर्ति की मांग नहीं की जाएगी।

### ग्रामीणों के खिलाफ कर दी रिपोर्ट

ग्राम समिति में हुए निर्णय के बाद अतिक्रमण की भूमि में लगाई गई किसानों ने अपनी फसल मवेशियों को चरा दी। इस दौरान गांव की तीन अन्य किसानों ने भी अपनी फसल मवेशियों को चराई, लेकिन इसके बाद उन्होंने गांव के 25 ग्रामीणों के खिलाफ फसल चराने से नुकसान होने की रिपोर्ट दर्ज करा दी और उन्होंने अपना अवैध कब्जा भी नहीं छोड़ा।

### दर्ज शिकायत निरस्त करने की मांग

ग्राम विकास समिति के माध्यम से ज्ञापन लेकर पहुंचे सैकड़ों ग्रामीणों ने अपने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि गांव के तीन लोगों द्वारा खड़ी फसल को क्षतिग्रस्त करने के संबंध में 25 ग्रामीणों के खिलाफ दर्ज कराई गई शिकायत निरस्त कर शासकीय भूमि से तीन लोगों फगन, सूर्यभान और तोप सिंह द्वारा किए गए कब्जे को हटाए जाने की मांग की।




---

## 14 अगस्त को हलषष्ठी-कमरछठ का पर्व, महिलाएं रखेंगी व्रत

# आंगन में शगरी बनाकर करेंगी पूजा, संतान की सुख समृद्धि के लिए माताएं रखेंगी व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हलषष्ठी जिसे अंचल में कमरछठ पर्व के नाम से भी जाना जाता है, हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भक्ति के साथ मनाई जाएगी। इस दिन घर के आंगन में मिट्टी को खोदकर शगरी बनाई जाएगी। जिसमें माताएं शिव पंचायत भगवान बलराम की पूजा-अर्चना कर संतान के सुख-समृद्धि की कामना की जाएगी।



भाद्रपद भादो माह लगते ही पर्वों का लगातार क्रम है। जिसके तहत 14 अगस्त को हलषष्ठी जिसे अंचल में कमरछठ पर्व व्रत के नाम से भी जाना जाता है। पर्व को लेकर श्रद्धा भक्ति और हर्षोल्लास का माहौल है। पंडितों के अनुसार यह पर्व भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि 14 अगस्त गुरुवार को मनाई जाएगी। ऐसी मान्यता हैं कि इस दिन व्रत रखकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने पर संतान सुख व संतान को सुख समृद्धि प्राप्त होता है। इस दिन आंगन में मिट्टी को खोदकर शगरी बनाई जाएगी। जिसकी साज-सजावट कर भगवान शिव पंचायत एवं भगवान बलराम की पूजा-अर्चना कर मंगल कामना करेंगी एवं व्रत से संबंधित कथा का श्रवण करेंगी। कई महिलाएं सामूहिक रूप से भी पूजा-अर्चना करेंगी।

### पसहर चावल की मांग

हलषष्ठी कमरछठ पर्व पर हल से उपजे हुए अनाज व अन्य सामग्री का उपयोग नहीं किया जाता। लिहाजा पसहर चावल, भैंस का दूध, दही सहित अन्य सामग्रियों का उपयोग किया जाता है। ऐसी मान्यता हैं कि इस दिन भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम का जन्मदिन भी है, इसलिए हल से जुती हुई फसल के अनाज व अन्य पूजा सामग्रियों का उपयोग नहीं किया जाता। आंगन में बने शगरी पर जल अर्पण कर भक्तिभाव के साथ इस पर्व को मनाया जाता है।

### पूजा सामग्रियों की सजी दुकानें

पर्व को देखते हुए शहर के जूनीहटरी, जयस्तंभ चौक के पास व अन्य स्थानों पर पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी हुई है। बाजार में अभी से ही हलषष्ठी कमरछठ पूजा के लिए पूजा सामग्रियों की दुकानें ग्रामीण क्षेत्रों से आकर व्यवसायियों ने लगाना शुरू कर दिया है। पसहर चावल से लेकर पूजा में उपयोग होने वाले अन्य सामग्रियों की सजी दुकानों से महिलाओं ने खरीदी भी शुरू कर दी है। खासकर पसहर चावल की मांग अभी से बनने लगी है। पसरहर चावल के दाम लगभग 100 पाव के हिसाब से बिक रहा है। एक-दो दिनों में बाजार में पूजा सामग्रियों की खरीदी करने के लिए चहल-पहल और भी बढ़ने की संभावना है।



## खबर संक्षेप

### राशि वापस जमा करने नोटिस जारी

**डोंगरगढ़।** पूर्व शाला भवन बेलगांव के जीर्णोद्धार के लिए स्वीकृत राशि में से एक किश्त का आहरण करने के बाद भी कार्य नहीं कराने पर राशि जमा करने नोटिस जारी किया गया है। राशि आहरण उपरांत कार्य नहीं कराने की खबर प्रमुखता से हरिभूमि में प्रकाशित किया गया था। खबर प्रकाशित होने के बाद निकाली गई राशि वापस करने विभाग ने नोटिस जारी किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत वर्ष 2023-24 के तीन लाख बीस हजार रूपए स्वीकृत हुए थे। सरपंच ने निर्माण प्रारंभ करने के लिए एक लाख पचास हजार का आहरण कर लिया था किन्तु अब तक कार्य प्रारंभ नहीं किया है। निर्माण प्रारंभ नहीं होने और बच्चों की परेशानी से अवगत कराते हुए ग्रामीणों ने शिकायत अधिकारियों से किया था। जानकारी के अनुसार जनपद सीईओ ने ग्राम पंचायत कोलेन्द्रा की तत्कालीन सरपंच लच्छनी बाई को नोटिस जारी कर आहरित राशि वापस करने कहा है।

### नंबर प्लेट बदलने लगा शिविर

**डोंगरगढ़।** श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति एवं चेंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में परिवहन विभाग के सहयोग से कार एवं मोटर साइकिल का नंबर प्लेट बदलने दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 400 वाहन मालिकों का रजिस्ट्रेशन किया गया। कुल 352 हितग्रहियों का सफलता पूर्वक नया नंबर प्लेट का रजिस्ट्रेशन किया गया। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, चंद्रप्रकाश मिश्रा, अनिल गट्टानी, पीतांबर स्वामी, महेन्द्र परिहार, बबलू शांडिल्य, नितिन हरिप्रसाद अग्रवाल, महेंद्र भाई पटेल, योगश अग्रवाल, संजय श्रीवास्तव, प्रकाश बिंदल, गौतमचंद चोपड़ा, संजीव गोमास्ता, चेंबर आफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज एवं परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### मूर्ति को असामाजिक तत्वों ने किया खंडित



**डोंगरगढ़।** अछोली स्थित सुदर्शन गिरी पर्वत जिसे सुदर्शन बाल्मीकि समाज का तीर्थ स्थल माना जाता हैं। यहां स्थापित महाऋषि बाल्मीकि और संत सुदर्शन महाराज की मूर्ति को अज्ञात असामाजिक तत्वों ने खंडित कर दिया है। इस घटना से सुदर्शन वाल्मिकी समाज के लोगों में रोष देखा जा रहा है। समाजसेवी तरुण हथेल ने बताया कि 10 अगस्त को उनके चाचा अपने दामाद और बेटी के साथ दिव्य स्थान गए तो देखा कि मूर्ति क्षतिग्रस्त है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है।

### विद्युत कंपनी के अधिकारी-कर्मचारियों ने लिया संकल्प

# सूरज की रौशनी से घर की छतों में बनेगी बिजली, तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी राजनांदगांव क्षेत्र के पार्रीनाला स्थित क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्युत कर्मियों के लिए आयोजित कार्यशाला में भारतीय स्टेट बैंक के प्रतिनिधि एवं विभिन्न सोलर संयंत्र के संचालकों ने हिस्सा लेकर इस योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर लगभग 18 अधिकारी-कर्मचारियों ने मौके पर प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से सौर संयंत्रों के लिए आनलाइन आवेदन कर अपना पंजीयन कराया।

कार्यशाला को संबोधित करते राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की यह योजना उपभोक्ताओं को हॉफ बिजली बिल से मुफ्त बिजली की ओर ले जाने वाली स्कीम है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में घर-घर रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित कर लोगों को प्रदूषण मुक्त, मुफ्त और निरंतर बिजली देने की परिकल्पना की गई है। इसके माध्यम से प्रत्येक उपभोक्ता को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाकर उनके मासिक खर्चों में भी उल्लेखनीय कमी लाने का लक्ष्य रखा गया है।

श्री सेलट ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत पात्रता रखने वाले नागरिक जिनके पास वैध बिजली कनेक्शन और उपयुक्त छत है, वे इस योजना में आवेदन कर सकते हैं। इससे न सिर्फ बिजली बिलों का झंझट समाप्त होगा, बल्कि यदि आवश्यकता से अधिक बिजली का उत्पादन होता है, तो उसे ग्रिड को बेचकर अतिरिक्त आमदनी भी ली जा सकती है।

केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से डबल सब्सिडी संयंत्र लगने के 1 महीने के भीतर सीधे बैंक खाते में प्राप्त हो जाता है। एक बार सौर पैनल की स्थापना के बाद 20-25 वर्षों तक मुफ्त बिजली मिल सकेगी।



#### कार्यशाला में थे शामिल

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता मंगल तिर्की, अधीक्षण अभियंता शंकेश्वर कंवर, केसी खोटे, कार्यपालन अभियंता मुकेश साहू, बीरबल उइके, गीता ठाकुर, रविकांत शर्मा, आलोक दुबे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित हुए। कार्यशाला का संचालन पब्लिसिटी ऑफिसर धर्मेन्द्र शाह मंडावी ने किया।

#### केंद्र व राज्य सरकार से मिलेगी सब्सिडी

इसी प्रकार 2 किलोवाट प्लांट के लिए प्रतिमाह औसतन 240 यूनिट उत्पादन संभव है, जिस पर 90,000 रुपए तक कुल सब्सिडी 60,000 रुपए केंद्र व 30,000 रुपए राज्य से मिलती है। उपभोक्ता को केवल 30,000 खर्च करना होता है और यह प्लांट प्रति माह 240 यूनिट के हिसाब से लगभग 1300 रुपए की बिजली उत्पन्न करती है। जिससे उपभोक्ता अपने घर में लगने वाले सौलर प्लांट का पूरा खर्च 2 से 3 वर्ष में ही निकाल सकते हैं। 3 किलोवॉट क्षमता के प्लांट से प्रतिमाह औसतन 360 यूनिट उत्पादन संभव है और इसमें 78,000 रुपए केंद्र व 30,000 रुपए राज्य यानी कुल 1,08,000 की सहायता मिलती है। उपभोक्ता को केवल 72,000 रुपए वहन करना पड़ता है और यह प्लांट प्रति माह 360 यूनिट के हिसाब से लगभग 3100 रुपए की बिजली उत्पन्न करती है। जिससे उपभोक्ता अपने घर में लगने वाले सोलर प्लांट का पूरा खर्च 2 से 3 वर्ष में ही निकाल सकते हैं।

#### एक किलोवाट के लिए 15 हजार का खर्च

कार्यशाला में सौर संयंत्र के संचालकों ने बताया कि रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने पर केंद्र और राज्य सरकारों से अधिकतम 1,08,000 रुपए तक की सब्सिडी दी जा रही है। इस योजना के तहत 1 किलोवाट क्षमता के सोलर प्लांट से प्रतिमाह औसतन 120 यूनिट बिजली उत्पादन होता है, जिस पर 30,000 रुपए केंद्र से व 15,000 रुपए राज्य से कुल 45,000 रुपए की वित्तीय सहायता दी जाती है। उपभोक्ता को लगभग 15,000 रुपए स्वयं वहन करने होते हैं और यह प्लांट प्रति माह 120 यूनिट के हिसाब से लगभग 600 रुपए की बिजली उत्पन्न करती है। जिससे उपभोक्ता अपने घर में लगने वाले सोलर प्लांट का पूरा खर्च 2 से 3 वर्ष में ही निकाल सकते हैं।

#### किया जा सकेगा फाइनेंस

भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक जगवेन्द्र कामता ने बताया इस स्कीम के अंतर्गत उपभोक्ता सोलर प्लांट का केवल 10 प्रतिशत डाउन पेमेंट देकर 6 प्रतिशत ब्याज दर से 90 प्रतिशत लागत राशि को अधिकतम 10 वर्ष के लिए फाइनेंस कर सकते हैं। केंद्र और राज्य शासन की सब्सिडी राशि खाता में आते अंतर की राशि को फाइनेंस किया जा सकेगा। भारतीय स्टेट बैंक के प्रतिनिधि एवं सभी सोलर सयंत्र के संचालकों ने उपस्थित विद्युत कर्मियों के इस स्कीम के सभी पहलुओं से रूबरू कराते सभी सवालों के जवाब भी दिए।

# खुलेआम दारू पीने पर लगेगा दस हजार जुर्माना



■ माथलडबरी के ग्रामीणों ने लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नशा की बढ़ती लत और उससे उपजने वाली विषम स्थिति को देखते हुए ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम माथलडबरी के ग्रामीणों ने कड़ा रूख अख्तियार करते हुए पूर्ण नशाबंदी का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने तय किया है कि सार्वजनिक जगह पर नशा करते पाए जाने पर 10 हजार और शराब बेचने पर 31 हजार अर्थदंड वसूल किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि बीते कुछ सालों में नशा करने की प्रवृत्ति काफी बढ़ी है। गांव गांव में शराब कोचिया पनप गए हैं जो शराब बेचते हैं। गांव में आसानी से शराब उपलब्ध होने के कारण युवा और बच्चों शराब की लत बढ़ी है। नशाखोरी के कारण गांवों में आए दिन लड़ाई झगड़े और विवाद होते रहता है जिसमें आमजन काफी परेशान है। जानकारी के अनुसार ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम माथलडबरी में गत दिनों नशा मुक्त भारत अभियान की 5 वीं वर्षगांठ के अवसर पर ग्राम प्रबंधन समिति एवं ग्रामवासियों की की महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक में सार्वजनिक स्थल पर शराब सेवन करते पकड़े जाने पर 10 हजार और शराब बिक्री करते पकड़ाने पर 31 हजार अर्थदंड तथा कानूनी कार्रवाई करने का निर्णय ग्रामवासियों ने लिया है।

#### नशा मुक्ति की ली शपथ




नशा मुक्त अभियान के तहत सामूहिक शपथ लिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि चुन्नी यद्घु, ग्राम प्रमुख हुमन साहु, उपसरपंच प्रदीप पटेल, देव प्रकाश, गैंदू साहू, राजू देवांगन, भुनेश्वर पटेल, नरेश पटेल, रमन साहू, खेमचंद यद्घु, प्रदीप धनकर, उमेश पटेल, प्रेम सिन्हा, रमेश यद्घु, राजेश भोईर, बृजभूषण पटेल, किशुन निषाद, चिंतु पटेल, बिनेश साहू, कामता साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# 15 बुनकरों को किया सम्मानित



■ सोनसायटोला में मनाया गया बुनकर दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

हाथकरघा बुनकर समुदाय के सम्मान और भारत की सांस्कृतिक विरासत और भारतीय अर्थव्यवस्था में इस क्षेत्र के योगदान को उजागर करने के लिए हर वर्ष 7 अगस्त को राष्ट्रीय हाथकरघा दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी में दंतेश्वरी बुनकर सहकारी समिति मर्यादित सोनसायटोला में विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संजीव शाह थे। अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह ने की।

उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं छत्तीसगढ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री शाह ने कपड़ा बुनाई से आर्थिक विकास पर प्रकाश डाला साथ ही महिलाओं को इस कार्य से जुडने प्रोत्साहित किया। जिपं अध्यक्ष श्रीमती सिंह ने ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को इस काम से जुड़कर शासन द्वारा संचालित गणवेश उत्पादन एवं कल्याणकारी योजनाओं को लाभ लेकर परिवार को आत्मनिर्भर बनाने प्रेरित किया।

#### योजनाओं से कराया अवगत

बुनकर सेवा केन्द्र रायगढ के सहायक निदेशक विजय सावनेकर ने केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को विस्तार से बताया। दंतेश्वरी बुनकर सहकारी समिति सोनसायटोला की अध्यक्ष कांती साहू ने सोसायटी की गतिविधियों के बारे में बताया। इस मौके पर 15 बुनकरों को प्रोत्साहित करने पुरुस्कृत किया गया। इस दौरान नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, गयादास साहू, योगमाया साहू, मोहन जैन, दयालदास साहू ने राष्ट्रीय हाथकरघा दिवस पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम में लगभग 150 महिला एवं पुरुषों में भाग लिया। संचालन खिलेश्वर निर्मलकर एवं आभार प्रदर्शन कांती साहू ने किया।

# तिरंगा यात्रा की बनी विस्तृत रूपरेखा



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

जिला भाजपा के निर्देशन में भाजपा मंडल ने हर घर तिरंगा अभियान को लेकर साहू सामुदायिक भवन में बैठक आयोजित किया। बैठक में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर शामिल हुए। बैठक का शुभारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। स्वागत उद्बोधन में मंडल अध्यक्ष कामता साहू ने कहा कि सभी को हर घर तिरंगा-घर-घर तिरंगा अभियान को सफल बनाना है। जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने यात्रा निकालकर घर-घर तिरंगा फहराने की अपील कार्यकर्ताओं से की।

पूर्व विधायक श्री विनोद खाणडेकर ने बताया कि 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया था। इस वर्ष आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में राष्ट्र प्रेम जागृत करने के लिए हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को जी जान से जुटना होगा। बैठक में जगजीतसिंह भाटिया, धन्ना यादव, नैनसिंह पटेल, मोनू गुप्ता, शिवा मिश्रा, मायाराम साहू, आमिर खान, आनंद वेलेकर, देवानंद सहारे, हेतराम साहू, शीशुपाल साहू, सोहन साहू, उत्तरा निषाद, पलनी स्वामी नायडू, सुनीता सेवता, रेखाबाई गंधर्व, लक्ष्मी यादव, भूषण नेताम, अमीर खान, गुलचरण कतलाम, शांताराम पंचारी, पदुम साहू, नकूल नेताम, भुखन धनकर, प्रिंस भाटिया, राजकुमार सिन्हा, लेखराम निर्मलकर ,इश्वर लाडे, टीकम पांडेय, खेदूराम सिन्हा, कुंदन बढोले, टामेश कुंभकार आदि उपस्थित थे।

#### 150 मोटर साइकिल होगी शामिल

**गैंदाटोला।** भाजपा के तिरंगा अभियान को लेकर पंचायत भवन में प्रभारी जिला पंचायत सदस्य जागृति यद्घु की अगुवाई में भाजपा मंडल के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में प्रत्येक शक्ति केंद्रों में तिरंगा यात्रा निकालने की रूपरेखा बनाया गया। बैठक में प्रभारी श्रीमती यद्घु ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर शुरू किए गए देशव्यापी तिरंगा यात्रा में सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। इस मौके पर मंडल स्तरीय वृहद तिरंगा यात्रा आगामी 13 अगस्त को डीजे और 150 मोटर साइकिल के साथ शक्ति केंद्र कल्लू बंजारी से चिरचारी कला तक निकाला जाएगा। यात्रा का जगह जगह पर स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत किया जाएगा। यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील प्रभारी और मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू ने की। बैठक में आत्माराम चंद्रवंशी, मदन साहू, सुकृत साहू, हेमिन साहू, आलोक मिश्रा, घासी साहू, मदन साहू, कुमार साय साहू, एस कुमार सिन्हा, कीर्ति गंगासागर, रीना कुलदीप, मनीष त्रिपाठी, हिना शिंदे, घनश्याम साहू, मधु यद्घु, विजय अग्रवाल, चित्रांगन साहू, भूपेन्द्र निर्मलकर, दिलीप साहू, प्रदीप वर्मा, गोपाल सेन, गजेंद्र साहू, धन्ना सोनी, गौरव अग्रवाल, कोमल साहू, अश्वन साहू, उमेश चंद्रवंशी, भूपेन्द्र अग्रवाल, गिरधारी साहू, मनोज शिंदे आदि मौजूद थे। संचालन हनीफ कुरैशी ने किया।

### गांवों में भजन-कीर्तन के साथ निकली शोभायात्रा, दिखा उत्साह

# भोजली महोत्सव में दिखी देश की सांस्कृतिक परंपरा







हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

नगर में लोधी समाज ने भोजली महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान राजनांदगांव की रेणु राय कृत रंग तरंग सुवा नृत्य का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम लोधी समाज की बेटियां भोजली के साथ बजरंग चौक में एकत्रित हुई। यहां से सुआ नृत्य, भजन- कीर्तन के साथ शोभायात्रा निकाली गई। चंडी चौक में रानी अवंती बाई मूर्ति के समक्ष महोत्सव में भाग लेने वाली बेटियों का स्वागत किया गया। महोत्सव में 71 बेटियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों में चंपाबाई वर्मा को प्रथम पुरस्कार 2101 रुपए, प्रतीक चिन्ह, कुंतीबाई वर्मा को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 1501 रुपए, प्रतीक चिन्ह एवं नेहा वर्मा को तृतीय स्थान पर 1001 एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। तत्पश्चात शोभायात्रा महाराणा प्रताप चौक, शिव मंदिर बस स्टैंड से शीतला तालाब पहुंची जहां पूजा अर्चना कर भोजली विसर्जन किया गया।

#### अन्नपूर्णा को प्रसन्न करने वाला पर्व

इस मौके पर पूर्व सरपंच फूलमती वर्मा एवं गणपत दुबे ने भोजली महोत्सव का महत्व बताते हुए कहा कि यह लोधी समाज का पारंपरिक पर्व है। यह पर्व सुख और समृद्धि का संदेश देता है। मां अन्नपूर्णा को प्रसन्न करने यह पर्व मनाया जाता है। इस मौके पर लोधी समाज के सर्किल उपाध्यक्ष डिलेश्वर वर्मा, जयकुमार वर्मा, खेमचंद वर्मा, टुमलाल वर्मा, रामचंद्र वर्मा, ऋषु वर्मा, नुनकरण वर्मा, उत्तम वर्मा, परस वर्मा, बालेश्वर वर्मा, बालेश्वर मंडल सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

#### बुढानभाट में भोजली महोत्सव

**छुईखदान।** ग्राम बुढनभाठ में भोजली महोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर सास्कृतिक कार्यक्रम एवं भोजली प्रतोयोगिता का आयोजन किया गया। यह महोत्सव लक्ष्मी चन्देल एवं ग्राम वासी के सहयोग से विगत आठ वर्षों से मनाया जा रहा है। प्रतोयोगिता में शामिल भोजली को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं प्रत्येक भोजली को संत्वाना पुरुष्कार दिया गया। जिसमें विशेष रूप असंगठित समस्या निवारण प्रकोष्ठ प्रदेश कांग्रेस सचिव कमलेश यादव बुढानभाट के उप सरपंच आत्मा चन्देल, दीपक वैष्णव विशेष रूप से शामिल हुए। गांव के वरिष्ठ नागरिक खेलन चन्देल, रामकुमार चन्देल, खेमलाल चन्देल, अर्जुन चन्देल, देवा चन्देल, नरेश चन्देल, लक्ष्मी चन्देल, पल्लू चन्देल, बुधारू, अगनू विश्वकर्मा, रामबिलास का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में सचिव सुरेश चन्देल ने आभार व्यक्त किया।

#### सलौनी में भव्य भोजली महोत्सव

**डोंगरगढ़।** ग्राम ढारा सलौनी में रविवार को भोजली उत्सव का आयोजन किया गया। कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने कार्यक्रम में शामिल होकर भोजली माता की पूजा अर्चना किया। इस मौके पर श्री लोधी ने कहा कि भोजली केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि बेटियों की श्रद्धा, किसानों की मेहनत और गांव की एकता का प्रतीक है। जब बेटियाँ भोजली बोती हैं, तो वे केवल बीज नहीं बोतीं, बल्कि वह संस्कृति, आस्था और हरियाली का भविष्य बोती हैं। अध्यक्षता ओमकार लिल्हारे ने की। इस दौरान हीराराम वर्मा, भगवती वर्मा, जोहन वर्मा, ईश्वरी वर्मा, मोतीराम जंघेल, लखन जंघेल, किशुन वर्मा, शिव वर्मा, पुष्पा वर्मा, प्रतिमा, कमलेश वर्मा, आरती मोहन वर्मा, सितेश वर्मा, झूलेंद्र वर्मा, ईश्वरी, खेलावन वर्मा, आरती वर्मा, शेरसिंह जंघेल, प्रकाश वर्मा, गोकुल वर्मा, खेमचंद वर्मा, विशन वर्मा, राजपाल वर्मा, सहसराम वर्मा, बोधिराम वर्मा, भानुराम वर्मा, विश्राम वर्मा, मुकुंद वर्मा, ह्यूमन वर्मा, गोविंद वर्मा, आनंदी वर्मा, पालतू वर्मा, नारायण वर्मा, विशंभर वर्मा, लेखराम वर्मा, मानसिंह वर्मा, उत्तम वर्मा, मदन वर्मा, रूपचंद वर्मा, दौलत वर्मा, हरिश्चंद्र वर्मा, अर्जुन वर्मा, चंद्रभान वर्मा, देवनाथ जंघेल, लेखराम वर्मा, सुदामा वर्मा, रामकुमार वर्मा, मंगतू वर्मा, नरोत्तम वर्मा, जीवराखन वर्मा, मदन वर्मा, हीरू वर्मा, पीतांबर वर्मा, विदेशी वर्मा आदि उपस्थित थे।

# भारत माता के जयकारे के साथ निकली तिरंगा यात्रा

■ जनप्रतिनिधि और नागरिक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर मंडल भाजपा के तत्वावधान में मोर तिरंगा मोर अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्रा निकाली गई। भारत माता के जयकारे के साथ नगर पालिका से निकली तिरंगा यात्रा खंडुपारा, रेल्वे चौक, गुरूद्वारा चौक, बुधवारी पारा, जैन मंदिर गोलबाजार, जयस्तंभ चौक होते हुए पुनः नगर पालिका पहुंची। तिरंगा यात्रा में प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, सुरेन्द्रसिंह बन्नोआना, रमन डोंगरे, जस्मितसिंह बन्नोआना सहित अधिकारी कर्मचारी आदि शामिल हुए। इस मौके पर लक्ष्मीनरायण अग्रवाल, उमा महेश वर्मा, अमीत जैन, तुलसी मिश्रा, सुनील जैन चिकू, टीआई उपेन्द्र शाह, सीएमओ खिलेन्द्र भोई, इंजीनियर भुवन कौशिक, सत्यप्रकाश मिश्रा, मनोज गुप्ता, परविंदरसिंग मोटी, सुमित ताम्रकर, सुमित मिश्रा, शिवांगी साखरे, सावन टेम्बुलकर, रेखा रार्घोते, नवीन बंसल, पप्पु नामदेव, डी एकेश राव, गिरीश साहू, पंकज अग्रवाल, अमन नामदेव, आदित्य मिश्रा, राकेश भौते सहित अन्य उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त शिक्षक जंघेल का सम्मान



**सड़क अतरिया।** पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने बीते दिवस हायर सेकेण्डरी स्कूल धोधा के सेवानिवृत शिक्षक दुर्जन जंघेल से भेंट कर उनके सराहनीय शिक्षकीय कार्य के लिए शाल और श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया। श्री जंघेल धोधा स्कूल में 27 वर्ष तक शिक्षक के रूप में पदस्थ रहे और प्रभारी प्रचार्य रहते पद मुक्त हुए हैं। उन्होंने गंडई लोधी समाज का सर्किल अध्यक्ष के रूप में वर्षों तक कार्य किया। वह वर्तमान में जिला लोधी समाज में संगठन सचिव हैं। इस अवसर प्रभुराम वर्मा, खेमलाल जंघेल, तिलक वर्मा उपस्थित थे।

### जिला किसान संघ 13 को सौंपेंगे ज्ञापन

**छुईखदान।** जिला किसान संघ आगामी 13 अगस्त को किसान मार्च निकालकर कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन। किसान संघ ज्ञापन सौंपकर खाद की समुचित उपलब्धता, किसानों को समय पर पर्याप्त खाद, खाद की कालाबाजारी पर नियंत्रण और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की जाएगी। जानकारी के अनुसार धान पर समर्थन मूल्य में 117 की वृद्धि का लाभ देने की मांग उठाया जाएगा। इसी प्रकार राजीव गांधी किसान न्याय योजना की बकाया चौथी किश्त का तत्काल भुगतान की भी मांग किसानों ने रखा है। जिला किसान संघ के नेतृत्व में दोपहर 12 बजे फतेह मैदान से रैली निकाला जाएगा।

### रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया



**बांधाबाजार।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर के भैया बहनों ने रक्षाबंधन पर्व धूमधाम से मनाया। बहनों ने भाइयों को रक्षा सूत्र बांधकर मुंह मीठा कराया। उन्होंने ग्रामीणों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टर तथा कर्मचारियों को भी राखी बांधकर पर्व की बधाई दी।

### सरपंचों ने की कलेक्टर से मुलाकात

**छुईखदान।** छुईखदान जनपद के अधीन आने वाली 59 ग्राम पंचायतों के सरपंचों को विकास कार्यों में गंभीर बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है।



ब्लाक की 107 पंचायतों में से 59 का अब तक जेम पोर्टल नहीं बना है जिसे लेकर सरपंच और सचिवों में रोष व्याप्त है। सरपंच संघ अध्यक्ष प्रकाश जंघेल के नेतृत्व में सरपंच संघ ने कलेक्टर के सामने अपना पक्ष रखा और जल्द समाधान का निवेदन किया। सरपंच संघ ने कलेक्टर के सामने सीईओ से किसी प्रकार का कार्य नहीं होने की शिकायत की जिसके कारण कई प्रशासनिक और वित्तीय कार्य अटके हैं। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्यों की स्वीकृति, भुगतान आदि नहीं हो पा रहा है। ज्ञात हो कि पिछले 3 से 4 माह से मुख्य कार्यपालन अधिकारी के माध्यम से विकासात्मक कार्य नहीं किया जा रहा है जिसे लेकर सरपंच संघ ने नाराजगी दर्ज कराया है। कलेक्टर से मुलाकात के दौरान सरपंच संघ अध्यक्ष प्रकाश जंघेल, उपाध्यक्ष कपिनाथ महोबिया, संदीप वैष्णव, दुजेराम, बोधनसिंह, लक्की कुमार नेताम, डोंगरू साहू, जानेराम पटेल आदि उपस्थित थे।

## पेज 9 का शेष

### दो जिलों में फैला...

इस पूरे प्रकरण में चार कर्मचारी मोहला तथा चार कर्मचारी खैरागढ़ तथा एक रायपुर मंत्रालय में पदस्थ बताया जा रहा है। जिनका वेतन शिक्षा विभाग से निकाला जा रहा है। मामला सामने आने के बाद कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने सच्चाई की पड़ताल के लिए स्थानीय स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश करते हुए कलेक्टोरेट में नियुक्त शादाब उस्मान, मोहम्मद अमीन शेख को उनके विभागीय चार्ज से पृथक कर दिया है।

### स्कूल से लापता...

लापता हो गए, जो बिलासपुर कोटा से बरामद हुए हैं। घटना को लेकर बताया गया कि स्कूल से लापता हुए 15 वर्षीय नाबालिग छात्र तथा 16 वर्षीय छात्रा मोहला स्थित मां छुरिया ज्वेलर्स पहुंचे, जहां साढे 13 हजार रुपए में सोना बेचकर बिलासपुर कोटा पहुंच गए। गुमशुदगी के तीन-चार दिनों के भीतर छात्रा के साथ वहां आनाचार की घटना घट गई। इस मामले में सहपाठी सहित बिलासपुर कोटा में रूम दिलाने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं मामले में मोहला स्थित ज्वेलरी के संचालक की भूमिका को संदिग्ध बताई जा रही है, जिस पर फिलहाल पुलिस ने किसी तरह की कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की है।

## जयस्तंभ चौक पर कांग्रेसी एवं आम लोग रहे मौजूद

# प्रोजेक्टर से शहर में हुआ वोट चोरी के आरोप का प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इन दिनों केंद्र की मोदी सरकार और निर्वाचन आयोग पर हमलावर है। हाल ही में उन्होंने वोट चोरी का दावा करते खुलासा किया है। जिसमें एक वोटर का कई बूथ पर नाम होना बताया गया है। वहीं मकान नंबरों और मतदाताओं के निवास, तस्वीर को लेकर भी गड़बड़ी सामने आई है। राहुल गांधी द्वारा प्रस्तुत किए गए वीडियो को कांग्रेस कमेटी द्वारा जनता के सामने रखने, इस आरोप की प्रेस कॉन्फ्रेंस का वीडियो प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रसारण किया गया।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय जयस्तंभ चौक में राहुल गांधी द्वारा वोट चोरी के मामले में जारी किए गए वीडियो को प्रोजेक्टर के माध्यम से आम जनता के बीच दिखाया गया और वोटर आईडी में गड़बड़ी को लेकर चुनाव आयोग को घेरा गया। वहीं वोटों की हेराफेरी कर केंद्र में भाजपा सरकार बनने का आरोप भी लगाया गया।

### वोट चोरी का सुनियोजित षड्यंत्र

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि वोट चोरी मामले का पर्दाफाश राहुल गांधी ने किया है। राहुल गांधी ने निर्वाचन आयोग और भाजपा के साठगांठ को उजागर किया है। एक ही व्यक्ति का नाम कई राज्यों की मतदाता सूची में शामिल है। श्री छाबड़ा ने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार जनमत से नहीं षडयंत्रपूर्वक वोटो के हेर-फेर से बन रही है। एक कमरे में ही दर्जनों वोटर रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सुनियोजित षड्यंत्र कर सत्ता हासिल कर रही है। इस अभियान के माध्यम से इस मामले को सीधे जनता तक पहुंचा जा रहा है।

### जुटाया गया जनसमर्थन

जयस्तंभ चौक में सोमवार सुबह 10 बजे कांग्रेस द्वारा प्रोजेक्टर लगाकर जनता के सामने फर्जी वोट के मामले को रखा गया और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा इलेक्शन कमीशन से मांगे जा रहे डिजिटल डेटा के लिए कांग्रेस कमेटी द्वारा जनसमर्थन जुटाया गया। वोट चोरी आरोप के इस मामले में जनसमर्थन के लिए मिस कॉल देकर वोट चोरी के खिलाफ खड़े होने का आग्रह भी जनता से किया जा रहा है। कांग्रेस के अभियान के दौरान मिस कॉल करने पर राहुल गांधी की ओर से धन्यवाद का मैसेज भी प्राप्त हो रहा है।

### कांग्रेसियों सहित आमजन ने देखा प्रसारण

कांग्रेस द्वारा आयोजित लगभग एक घंटे तक चले इस वीडियो प्रसारण कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री धनेश पटिला, श्रीकिशन खंडेलवाल, भागवत साहू, कमलजीत सिंह पिंटू, कुतुबुद्दीन सोलंकी, सुदेश देशमुख, रमेश डाकलिया, हेमा देशमुख, माया शर्मा, संतोष पिल्ले, पंकज बांधव, जितेंद्र मुदलियार, झम्मन देवांगन, अमित चंद्रवंशी, आसिफ अली, पूर्व पार्षद बंटी यादव, मनीष साहू, पूर्णिमा नागदेवे, बबलू कसर, मामराज अग्रवाल, आमीन हुड्डा, अभिषेक खंडेलवाल, मनीष गौतम, अभिमन्यु मिश्रा, मोहम्मद इब्राहिम सहित अन्य कांग्रेसी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# न्यायाधीश ने आदिवासियों को बताया कानूनी अधिकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

मंथली प्लान एक्शन तहत जिविप्रा राजनांदगॉव अध्यक्ष सुषमा सावंत के निर्देशानुसार और तालुक विसे अध्यक्ष मोहनी कंवर और सचिव नीलेश जगदल्ला के मार्गदर्शन में सर्रागोंदी में अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस, मूलनिवासी दिवस के अवसर पर विशेष कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जहां ज्यूडिशयल मजिस्ट्रेट फरूट क्लास आकांक्षा खालको ने विश्व आदिवासी दिवस पर उपस्थित आदिवासी महिलाओं, पुरुषों व युवाओं को बंधाई दी और आदिवासियों के अधिकारों व सरंक्षण के बारे में बताया। न्यायाधीश खलखो ने बताया कि ताविसे समिति द्वारा आदिवासियों के अधिकार और संरक्षण के संबंध में योजनाएं संचालित है। पात्र व्यक्ति समिति के माध्यम से योजनाओं का लाभ और जानकारी प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता व सलाह प्राप्त उपलब्ध कराई जाती है। पीड़ित व्यक्ति समिति में आवेदन कर लाभ ले सकता है। जेएमएफसी खलखो ने कहा कि यह दिवस उन उपलब्धियों और योगदानों को भी स्वीकार करती है जो पर्यावरण संरक्षण जैसे विश्व के मुद्दों को बेहतर बनाने के लिए करते हैं।

### प्रदत्त अधिकारों की दी जानकारी

कार्यक्रम में न्यायधीश आकांक्षा खलको ने आदिवासियों के सरंक्षण संवर्धन को लेकर प्रमुख संवैधानिक प्रावधानों की जानकारी दी। अनुच्छेद 15, 16, 46 और 355 को लेकर विस्तार से बताया वही भारतीय संविधान के अनुच्छेद 338 के तहत राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की स्थापना और उनके कामों की जानकारी दी। पीएलवी गोलू दास साहू ने साइबर अपराध, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, वर्कप्लेस में महिलाओं के अधिकार, किशोर न्याय अधिनियम, श्रम व समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजना, महिलाओं के लिए भरण पोषण अधिकार, टोनही प्रताडना निवारण अधिनियम, वरिष्ठ माता पिता व वृद्धजन भरण पोषण योजना 2007, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, बालश्रम, न्याय आपके द्वार, राष्ट्रीय लोक अदालत, मिडियेशन, राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं और सालसा एवं नालसा द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इस दौरान सरपंच फुलेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# नागपुर में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में शामिल हुए प्रो राजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज विवि नागपुर में सरदार पटेल जी की 150 वीं जयंती के निमित्त राष्ट्रीय एकात्मकता की संकल्पना और सरदार वल्लभभाई पटेल विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में संगीत विवि के प्रो राजन यादव विषय विशेषज्ञ के रूप में शामिल हुए।

लोकसंगीत व कला संकाय अधिष्ठाता और हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो राजन यादव के साथ देश के मूर्धन्य जानकार हिमाचल विवि शिमला के कुलपति पद्मश्री प्रो हरमहेन्द्र सिंह बेदी, अटल बिहारी बाजपेयी विवि बिलासपुर के कुलपति प्रो एडीएन वाजपेयी, विनोबा भावे विवि हजारीबाग बिहार के कुलपति प्रो चन्द्र भूषण शर्मा, आईएएस डॉ संजय जोशी, पूर्व अपर मुख्य सचिव मप्र मनोज श्रीवास्तव भी संगोष्ठी में आमंत्रित थे। संगोष्ठी में प्रो यादव ने राष्ट्र की एकता में हिंदी भाषा और साहित्य का महत्व विषय पर विशेष व्याख्यान देते हुए कहा कि राष्ट्र की वर्तमान अवधारणा विदेशी है। भारत की आंतरिक ऊर्जा का मूल आधार हिन्दी प्रदेश है। विविध होता हुआ भी भारतवर्ष एक है। वेद, उपनिषद, रामायण और महाभारत ये ही वे घाट हैं जहां पर हमारी भाषाएं पानी पीती हैं। भारत में भिन्नता आन्तरिक कम बाह्य अधिक है। संगोष्ठी में समापन पर विवि स्टाफ ने सभी का शाल श्रीफल व प्रतीक चिंह भेंटकर सम्मानित किया।

### अलंकरण समारोह 28 को

**डोंगरगढ़।** नवम अग्र अलंकरण समारोह 28 अगस्त को एसएन लेस रायपुर में संपन्न होगा। इस अग्र अलंकरण समारोह में अग्र समाज के लोगों को सम्मानित किया जाएगा।

# सीएम से मिले विक्रांत, दिया निमंत्रण 13 को आएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सीएम हाऊस में मुलाकात के दौरान जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के आमंत्रण पर सीएम बुधवार को शहर आएंगे। मुलाकात दौरान विक्रांत सिंह के खैरागढ़ आने के औपचारिक आमंत्रण पर मुख्यमंत्री ने बुधवार 13 अगस्त को आगमन की सहमति दी है।

इस दौरान मुख्यमंत्री विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इनमें नवनिर्मित जिला भाजपा कार्यालय का उद्घाटन, देवारीभाठ में डीपीआरसी भवन का लोकार्पण, नए जिले के लिए जिला अस्पताल व कलेक्ट्रेट भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन प्रमुख हैं। उनके आगमन की आधिकारिक जानकारी मिलते ही प्रशासनिक और पार्टी स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था, मंच निर्माण, कार्यक्रम स्थल की सजावट और जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए तेजी से काम हो रहा है। भाजपा के जिला कार्यालय के लोकार्पण कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि सीएम विष्णुदेव साय, अति विशिष्ट अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव करेंगे वही विशिष्ट अतिथियों के रूप में संगठन महामंत्री अजय जंबाल, उप मुख्यमंत्री अरूण साव व विजय शर्मा, प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सांसद संतोष पांडेय, प्रदेश भाजपा कोषाध्यक्ष नंदन जैन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विक्रांत सिंह, कोमल जंघेल, पूर्व जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू व जिला भाजपाध्यक्ष डॉ बिशेसरदास साहू उपस्थित होंगे।

### जिले में बहेगी विकास की गंगा

जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री का यह दौरा खैरागढ़ के लिए ऐतिहासिक साबित होगा। कार्यक्रमों की सफलता सुनिश्चित करने के लिए लगातार पार्टी पदाधिकारियों और अधिकारियों के साथ बैठक हो रही हैं। जिले के समुचित विकास को लेकर उनकी कलेक्टर सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक में सभी की सहभागिता से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे और संस्थानों के विस्तार पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में गंडई में नवोदय विद्यालय, युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगारपरक प्रशिक्षण का लाभ उपलब्ध कराने नए आईटीआई और लाइवलीहुड कॉलेज की स्थापना पर विचार किया गया। छुईखदान क्षेत्र में कृषि विज्ञान केंद्र, जल संसाधन विभाग कार्यालय, किसानों की आय और कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण को बढ़ाने पान उद्योग केंद्र और टमाटर प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया। वही बकरकट्टा, साल्हेवारा क्षेत्र में ट्राइबल ट्रेनिंग सेंटर, पैलीमेटा क्षेत्र में पर्यटन स्थल का विस्तार, भंडारपुर, मुढ़ीपार में कॉलेज स्थापना और खैरागढ़ में ऑडिटोरियम, बायपास, नालंदा परिसर और मल्टीस्पोर्ट स्टेडियम निर्माण की योजनाओं पर चर्चा हुई।



# खड़गांव हास्पिटल में डॉक्टर की पोस्टिंग

**खड़गांव।** सरकारी हास्पिटल में डाक्टर उपलब्ध नहीं रहने से मरीजों को होने वाली दिक्कत को लेकर खबर प्रकाशित होने के बाद डाक्टर की पदस्थापना की गई है। उल्लेखनीय है कि डाक्टर के अभाव में सरकारी हास्पिटल मात्र रिफर सेंटर बन गया था। ग्रामवासी एवं व्यापारी संघ द्वारा लगातार डाक्टर उपलब्ध कराने की मांग करते हुए अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया था। डाक्टर की मांग को लेकर ग्रामीणों ने आंदोलन भी किया था। खबर प्रकाशन और ग्रामीणों की मांग के बाद खडगांव के सरकारी हास्पिटल में डाक्टर हिमांशु सुखदेव की पदस्थापना की गई है जिन्होंने पदभार ग्रहण कर लिया है। श्री सुखदेव इसके पूर्व में जगदलपुर क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहा थे। उन्होंने बताया कि हास्पिटल में दवा और स्टाफ है लेकिन डाक्टरों के आवास की सुविधा उचित नहीं है। वर्तमान आवास क्षतिग्रस्त हो गया है। ग्राम के विजय जैन मित्तल, भीखम रावटे ने डॉ हिमांशु सुखदेव की पदस्थापना के लिए स्वास्थ्य एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

# सुहानी यादें कार्यक्रम में संगीतप्रेमियों ने जमकर उठाया सुरों का आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव




नगर की प्रतिष्ठित संगीत संस्था संगीत सरिता द्वारा वार्षिक संगीतमय संध्या सुहानी यादें का भव्य आयोजन 7 अगस्त को शाम 7 बजे स्व. गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरवपथ में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस निःशुल्क कार्यक्रम में शहर के सैकड़ों संगीतप्रेमी सपरिवार उपस्थित हुए और सुरों की इस अनुपम शाम का भरपूर आनंद लिया। मंच पर प्रस्तुत किए गए सुमधुर व कर्णप्रिय गीतों ने श्रोताओं को पुरानी यादों में डुबो दिया। कार्यक्रम की हर प्रस्तुति पर श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की खूबसूरत साज-सज्जा, उत्तम ध्वनि व्यवस्था और मनमोहक गायन ने इस शाम को अविस्मरणीय बना दिया। संगीत सरिता द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित इस संध्या को लेकर संगीत प्रेमियों में विशेष उत्साह देखा गया। इस आयोजन को सफल बनाने में गायत्री गुरूकुल, लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में संगीत सरिता परिवार की ओर से उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया और भविष्य में ऐसे और भी संगीतमय आयोजनों का आश्वासन दिया गया। यह संगीतमय संध्या नगरवासियों के लिए एक मधुर और भावविभोर करने वाला अनुभव रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल राजपूत, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, कार्यक्रम के संयोजक पीएमजेएफ लायन राजकुमार शर्मा (रीजन चेयर पर्सन) एवं मनोज गुप्ता थे। शारदा तिवारी (जोन चेयर पर्सन) पीएमजेएफ लायन, लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के अध्यक्ष अमित खण्डेलवाल, कोषाध्यक्ष सुरेश शर्मा, विजय कोटड़िया, दीपक जैन, कमल किशोर साहू, मुकेश शर्मा, अंकित दुआ, मुकेश चौबे, कंचन चौबे, राजा माखीजा, संजय तेजवानी, नेहा गुप्ता, शोभा शर्मा, चंद्रिका प्रसाद सिन्हा आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी संस्था के सचिव मयंक शर्मा ने दी है।

# मानस गान कार्यक्रम में पहुंचे जिपं. उपाध्यक्ष सिंह

- मानस गान के महत्व के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

छुईखदान विकासखंड अंतर्गत वनांचल क्षेत्र साल्हेवारा के ग्राम चोभर में आयोजित तीन दिवसीय मानस गान कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को मानस गान के महत्व के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि क्षेत्र में समुचित तरीके से विकास कार्य किया जाएगा।

उन्होंने मानस गान श्रवण कर रही महिलाओं से भी चर्चा की और प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। इस पर महिलाओं ने मुस्कुराते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना से उन्हें हर महीने 1 हजार रुपये मिल रहा हैं, जिससे वे बेहद खुश हैं। उन्होंने बताया कि एकमुश्त धान की अंतर राशि मिलने से किसानों में भी खुशी की लहर है। ग्रामीणों ने इन योजनाओं को लाभकारी बताया और सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान भाजपा नेता शत्रुघ्न साहू, ललित सोनी, मन्नू मरकाम, आनंद सिन्हा, महेंद्र यादव, होमलाल साहू, कमल मेरावी, मुंजन यादव, आस्मिर खान, खेलन पटेल, हरि पटेल, जीवन कावरे, चमन वर्मा, बनस लाल साहू, बुधलाल पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने सुनी शिकायत व समस्याएं

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कलेक्टर कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को संवेदनशीलतापूर्वक सुनी। कलेक्टर भुरे ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने निर्देशित किया। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, नामांतरण, प्रोत्साहन राशि दिलाने, सड़क मरम्मत कराने, अतिक्रमण हटाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए।

ASHOKA GROUP OF INSTITUTIONS RAJNANDGAON
अशोका आई. टी. आई.
NCVT-DGET नई दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
कोपा (Computer) 10 वीं पास 1 वर्षीय कोर्स 10000/- वार्षिक फीस
स्टेनो 10 वीं पास 1 वर्षीय कोर्स 10000/- वार्षिक फीस
इलेक्ट्रीशियन 10 वीं पास 2 वर्षीय कोर्स
8319493983, 8602502398, 7000629783
ग्राम- तोरनकट्टा, मनकी पेट्रोल पंप के पास, जी. ई. रोड, पोस्ट- सोमनी, राजनांदगांव (छ.ग.)
ऑफिस: 99813-60623 | E-mail: ashokaiti2019@gmail.com




## सार समाचार

### तिरंगा यात्रा को लेकर बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** भाजपा कार्यालय राजनांदगांव में तिरंगा यात्रा हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा यात्रा के विषय में कार्यशाला आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता एमडी ठाकुर, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला पंचायत सभापति देवकुमारी साहू, जनपद पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर, मनोज साहू, खिलेश्वर साहू सहित ग्रामीण मंडल के समस्त पदाधिकारी, शक्ति केंद्र के प्रभारी, संयोजक, बूथ अध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। मुख्य वक्ता श्री ठाकुर ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते संगठन की जिम्मेदारी निभाना हेतु जैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपना हर घर तिरंगा तिरंगा यात्रा को लेकर जानकारी तथा आगामी 15 अगस्त तक बूथ लेवल के पदाधिकारियों के निवास स्थान में तिरंगा झंडा लगाना तथा स्वच्छता, सहित अनेक जानकारी प्रदान की।



### अशांति फैलाने के मामले में दो पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** मोहल्ले में अशांति फैलाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत 10 अगस्त को ग्राम फरहद एवं ग्राम रेवाडीह में वाद-विवाद की सूचना पर पुलिस मौके पर रवाना होकर अनावेदकगणों को घटनास्थल पर पुलिस एवं आसपास लोगों द्वारा समझाने का प्रयास किया, किन्तु अनावेदकगण समझने को राजी न होकर अधिक उत्तेजित होकर मारपीट पर आमदा हो गया। गांव में असामाजिक रूप से अशांति फैलाने वाले व्यक्तियों को गिरफ्तार कर धारा 170/126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर माननीय अनुविभागीय दंडाधिकारी राजनांदगांव के समक्ष पेश कर जिला जेल राजनांदगांव निरूद्ध किया गया।

### संघ ने की खाद्य मंत्री बघेल से मुलाकात

**राजनांदगांव।** खाद्य विक्रेता के क्षेत्र में कार्यरत दुकानदारों ने मां बम्लेश्वरी विक्रेता संघ के बैनर तले खाद्य मंत्री दयालदास बघेल से मुलाकात कर अपनी समस्या बताई। मुलाकात करने वालों में परस राय, शत्रुघन टांडेकर, क्रांति नामदेव, शिवकुमार सेन, रेखा खोब्रागढ़े, अभिषेक वोरारे, कमलेश सहारे, चोवाराम वर्मा, अमित कन्नौजिया, संजय सिन्हा, अजय मानिकपुरी, लूमन वर्मा, लोकेश वर्मा, उदयराम, घनश्याम चंदेल, नकुल वर्मा, अवधराम सायतोड़े, कमलेश वर्मा, सन्नी वर्मा, शिराज खान, जगदीश तिवारी आदि शामिल थे।



### मुख्यमंत्री के नाम शालेय शिक्षक संघ ने सौंपा पत्र

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ राजनांदगांव जिला अध्यक्ष सुशील नारायण शर्मा मुख्यमंत्री को शिक्षकों की समस्या के निराकरण के संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय से सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने श्रीमती साय को गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया और पत्र सौंपते सुशील नारायण शर्मा ने बताया कि शिक्षक (एलबी) लोगों की अनेक समस्याओं का आज तक निराकरण नहीं हो पाया है।



उन्होंने बताया कि नियुक्ति तिथि से सेवा गणना, सहायक शिक्षक एलबी का वेतन विसंगति, पुरानी पेंशन योजना में सुधार, क्रमोन्नति का जनरल आर्डर जारी करना, सहायक शिक्षक एलबी, शिक्षक एलबी, व्याख्याता एलबी, प्रधान पाठक प्राथमिक, उच्चतर माध्यमिक अध्यापक का 01 अप्रैल 25 को स्थिति में प्रमोशन, 2012 से 2017 के बीच मृत शिक्षाकर्मियों के आश्रितों को योग्यतानुसार अनुकंपा नियुक्ति, व्याख्याता प्रमोशन में डी.एड को भी शामिल करना। उपरोक्त समस्याओं का तत्काल निराकरण करने की मांग किया। श्रीमती साय ने तत्काल उक्त ज्ञापन को सीएम कार्यालय को फारवर्ड कर दिए।

### धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन पर्व

**राजनांदगांव।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजनांदगांव द्वारा रक्षाबंधन पर्व धूमधाम से मनाया गया। रक्षाबंधन के 2 दिन पूर्व विभिन्न संस्थाओं एवं संगठनों में जाकर ब्रह्माकुमारी बहनों ने रक्षाबंधन का आध्यात्मिक रहस्य बताया। साथ ही तिलक लगाकर राखी बांधी एवं मुख मीठा कराया। रक्षाबंधन के दिन ब्रह्माकुमारीज के ज्ञान मानसरोवर में ब्रह्माकुमार एवं ब्रह्माकुमारी भाई-बहनों के लिए रक्षाबंधन का कार्यक्रम था। कार्यक्रम सुबह 7 से 11 बजे तक चला। सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी ने परमात्मा शिव का रक्षाबंधन पर आधारित दिव्य संदेश सुनाया तथा सबको शुभकामनाएं दी। इसके बाद सभी भाई-बहनों को राखी बांधी। शाम को वरदान भवन लालबाग में रक्षाबंधन स्नेह मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राजा माखीजा, शैंकी बग्गा, गुरुमुख दास वाधवा, अशोक चौधरी, प्रो. कृष्णकुमार द्विवेदी, डॉ. नरेन्द्र गांधी, दिनेश भट्टर, सुरेन्द्र गोयल, नरेन्द्र लोहिया, हरीश गांधी, रमेश गुप्ता, शीला गांधी, डॉ साधना तिवारी सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे।



## किरायेदार की जानकारी थाना में नहीं देने पर होगी कार्रवाई

# मानपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 7 संदिग्धों पर दर्ज की गई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में बाहर से आकर ठहरने वाले संदिग्ध व्यक्तियों एवं किरायेदारों की जांच अभियान तेज कर दी गई है।

पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवचरण पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीताम्बर पटेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मानपुर प्रशांत पैकरा के मार्गदर्शन में आज थाना मानपुर प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिन्हा की टीम ने सघन जांच अभियान के दौरान मानपुर में 7 संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान हुई, जो पिछले कई दिनों से बिना सूचना अवैध रूप से किराये के मकानों में रह रहे थे। इन सभी के विरुद्ध धारा 128 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।




### इन पर हुई कार्रवाई

पुलिस के अनुसार मो. सद्दाम खान पिता आमिरुद्दीन 32 वर्ष जाति मल्हा निवासी कोताना थाना बड़ौद जिला बागपत उत्तरप्रदेश, मो. जाकिर पिता नजीर 30 वर्ष जाति मल्हा निवासी कोताना थाना बड़ौद जिला बागपत उत्तरप्रदेश, मो. अययुब अली पिता नशिर 50 वर्ष जाति तेली निवासी कोताना थाना बड़ौद जिला बागपत उत्तरप्रदेश, मो. शाहिद पिता वालियन 34 वर्ष जाति मल्हा निवासी कोताना थाना बड़ौद जिला बागपत उत्तरप्रदेश, मो. कासिम पिता अमीनु 22 वर्ष जाति मल्हा निवासी कोताना थाना बड़ौद जिला बागपत उत्तरप्रदेश, मो. मुस्तकीन पिता अनिसा 24 वर्ष जाति मल्हा निवासी कोताना थाना बड़ौद जिला बागपत उत्तरप्रदेश, मो. नसीम पिता शब्बीर 45 वर्ष जाति मल्हा निवासी नाग्लारै थाना कैराना जिला शामली उत्तरप्रदेश पर कार्रवाई की गई।

### मकान मालिकों को स्पष्ट निर्देश

जिले में बाहरी लोगों की काफी तादाद में पहुंचने और बढ़ते अपराधों के बीच मानपुर पुलिस ने किरायेदार की जानकारी थाना में अनिवार्य रूप से दर्ज कराने का स्पष्ट निर्देश जारी किया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जानकारी न देने पर मकान मालिक पर भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। किरायेदार का पूरा विवरण थाना में जमा करने से उनके आपराधिक रिकॉर्ड की जांच मूल थाना से समय पर हो सकेगी, कोई भी अपराधी आपके घर में किराये पर रहकर आपको ही नुकसान पहुंचा सकता है, इसलिए समय रहते किरायेदार की जानकारी देना मकान मालिक का कर्तव्य है। पुलिस विभाग के मुताबिक यह अभियान जिलेभर में लगातार जारी रहेगा। पुलिस का उद्देश्य क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और अपराधमुक्त वातावरण बनाए रखना है।

### तिरंगा बाइक रैली रवाना



**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आजादी का अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता : स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर उल्लास और खुशी के साथ आजादी के उत्सव को मनाने के लिए आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम टेड़ेसरा में तिरंगा बाइक रैली को रवाना किया। देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने और स्वच्छता के प्रति जनचेतना को सशक्त बनाने के लिए भारत माता की जयकारे के साथ बाइक रैली निकली गई। वंदेमातरम, मां तुझे सलाम गीतों के साथ देश की स्वतंत्रता के जज्बे को लिए बाइक रैली ने स्वतंत्रता के प्रति संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। इस अवसर पर सचिन बघेल, किरण वैष्णव, योगेशदत्त मिश्रा, प्रतिमा चंद्राकर, किरण साहू, कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल, सौरभ कोठारी, देवकुमारी साहू, खिलेश्वर साहू, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, एसपी मोहित गर्ग, सुरूचि सिंह, प्रेमप्रकाश शर्मा, खेमलाल वर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** प्रदेश की प्रथम महिला सांसद मिनीमाता की पुण्यतिथि के अवसर पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान शहर के सतनाम भवन परिसर में स्थित मिनीमाता की प्रतिमा पर कांग्रेसजनों द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कांग्रेस कमेटी द्वारा मिनीमाता को श्रद्धांजलि अर्पित करने आयोजित कार्यक्रम के दौरान शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि मीनाक्षी देवी, जिन्हें हम आज ममतामयी मिनीमाता के नाम से जानते हैं, उन्हें प्रथम महिला सांसद होने का गौरव प्राप्त था। उन्होंने हमेशा समाज के उत्थान की दिशा में कार्य किया। मिनीमाता ने बाल विवाह, दहेज प्रथा, गरीबी और अशिक्षा दूर करने के लिए संसद में लगातार आवाज उठाई। मिनीमाता सद्भावना और ममता की प्रतिमूर्ति थी, जिन्होंने समाज की कुरीतियों को दूर करने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि मिनीमाता का जीवन सदैव हमें प्रेरणा देता रहेगा।



### मिनीमाता अमर रहे के नारे

कांग्रेस द्वारा ममतामयी मिनीमाता की पुण्यतिथि पर उनका स्मरण कर प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया और मिनीमाता अमर रहे के नारे लगाए गए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, कमलजीत पिन्टू, शारदा तिवारी, कुतबुद्दीन सोलंकी, संतोष पिल्ले, माया शर्मा, आसिफ अली, अमित चंद्रवंशी, भोला यादव सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## बाइक सवार खड़े ट्रक से टकराया, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाइक में सवार होकर आ रहा युवक हाईवे में खड़ी ट्रक से जा टकराया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस कार्रवाई कर रही है।




पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत आज दोपहर लगभग साढे 3 -पौने चार बजे बाइक में सवार होकर उमेश निर्मलकर उम्र लगभग 25 वर्ष आ रहा था। वह मनकी के पास पहुंचा ही था कि सड़क पर बिगड़ी अवस्था में खड़ी ट्रक से जा टकराया। बताया गया कि इस दुर्घटना में युवक को गंभीर चोंटे आई थी। जिसकी मौत हो गई। बताया गया कि उक्त युवक चौकी क्षेत्र का निवासी है।

घटना की सूचना पर पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है।

### युवक झूला फांसी के फंदे पर

**साल्हेवारा।** कोसमर्रा निवासी 19 वर्षीय खुमेंद पिता रामखिलावन राऊत ने 10 जुलाई की दरमियानी रात को प्राथमिक शाला प्रांगण में दुपट्टे से तेंदु झाड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को फंदे से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### टंडन मिनीमाता प्रतिभा सम्मान से सम्मानित



**राजनांदगांव।** गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी तथा राजश्री सद्भावना समिति के संयुक्त तत्वावधान में छग की प्रथम महिला सांसद व सतनामी समाज की गुरुमाता स्व. मिनीमाता जी की 53वीं पुण्यतिथि पर राजधानी में 11 अगस्त को राज्य स्तरीय स्मृति दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह सम्मान मितानिन संतरीन टंडन को बालोद जिले उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए किया गया। कार्यक्रम में 101 विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही महिलाओं और छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

## प्रतिमा पर विस अध्यक्ष ने किया माल्यार्पण

**राजनांदगांव।** मिनीमाता के निर्वाण दिवस अवसर पर शहर के सतनाम भवन में आयोजित जनप्रतिनिधि एवं मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने सतनाम भवन परिसर स्थित मिनीमाता की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

सतनाम भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने समाज के लोगों को संबोधित करते मिनीमाता के जीवन पर प्रकाश डाला। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मिनीमाता समाज की बेटी थी। वह गुरु घासीदास के परिवार की सदस्य थी। उन्होंने मनखे-मनखे एक समान के वाक्य को मंत्र के रूप में अपना कर काम किया। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मिनीमाता देश की प्रखर सांसद थी, जो पहली बार 1952 की लोकसभा में पहुंची। उन्होंने महिला हिंसा के खिलाफ, कुरीतियों को दूर करने और बेटियों की शिक्षा के लिए बड़ा काम किया।




### मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

सतनाम भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने समाज के युवा पदाधिकारी को शपथ दिलाया। वहीं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं समाज के जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के अवसर पर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, पूर्व विधायक रामजी भारती, जिला भाजपा अध्यक्ष कमल सिंह राजपूत, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, पंकज बांधव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।




## युवाओं को मिल रहे रोजगार के नए अवसर : रमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम टेड़ेसरा में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने 12 करोड़ 86 लाख 94 हजार रुपए की लागत से 11 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसमें 11 करोड़ 48 लाख 2 हजार रुपए की लागत से 5 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 1 करोड़ 38 लाख 92 हजार रुपए की लागत से 6 विकास कार्यों का भूमिपूजन कार्य शामिल है। विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज ग्राम टेड़ेसरा में 1 करोड़ 86 लाख 7 हजार रुपए की लागत से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण भी किया।

उन्होंने कहा कि आज शासकीय आईटीआई भवन का लोकार्पण किया गया है। इसके साथ ही लगभग 12 करोड़ 86 लाख 94 हजार रुपए की लागत से 11 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया है। ग्राम टेड़ेसरा में शासकीय आईटीआई भवन निर्माण होने से विद्यार्थियों में उत्साह है। साथ ही अन्य कार्यों का भी लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि ग्राम टेड़ेसरा में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था 2011 में प्रारंभ हुआ और यहां कोपा, फिटर एवं इलेक्ट्रिशियन जैसे ट्रेड में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। संस्था के पास 7 एकड़ की अतिरिक्त भूमि है।



### बीपीओ सेंटर से एएमयू

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि जिले में आज ग्राम टेड़ेसरा में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के नवनर्मित भवन का लोकार्पण किया गया है। यहां तीन ट्रेड कोपा, इलेक्ट्रीशियन, फीटर संचालित है। यहां प्रतिवर्ष लगभग 128 बच्चे प्रवेश लेते हैं। संस्थान का आरोहण बीपीओ सेंटर से एएमयू भी किया गया है।

### विकास कामों का किया लोकार्पण

ग्राम ईरा में 1 करोड़ 66 लाख 78 हजार रुपए की लागत से सीसी रोड ईरा से गौठान पहुंच मार्ग 1.150 किलोमीटर एवं ग्राम सोमनी में 7 करोड़ 81 लाख 27 हजार रुपए की लागत से सोमनी से नवागांव मार्ग 6.05 किलोमीटर तथा सीएसए (एलडब्ल्यूई) से ग्राम टेड़ेसरा में 1 करोड़ 86 लाख 7 हजार रुपए की लागत से आईटीआई परिसर टेड़ेसरा में भवन निर्माण का लोकार्पण किया गया है। ग्राम ईरा में 5 लाख 2 हजार रुपए की लागत से बिसला निषाद से गुढ़ी चौक तक सीसी रोड निर्माण कार्य एवं पीएमश्री योजना से ग्राम कोपेडीह में 8 लाख 7 हजार रुपए की लागत से बाल वाटिका में अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया गया है।



# मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ की सीमा में घुसा जंगली हाथी, दहशतजदा ग्रामीण कर रहे रतजगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोड़ान

पिछले कुछ वर्षो से यह देखने को मिल रहा है कि कबीरधाम जिले के वनांचलों में प्रायः हाथियों की धमक सुनाई दे ही जाती है। कभी एक दो की संख्या अथवा फिर अनेकों हाथियों का झुंड अक्सर छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की सीमा पर फैले विशाल वनांचलो में अपनी चहल कदमी से वनवासियों और वनविभाग की नींद हराम कर जाता है।

हाल ही में एक अकेले हाथी के कल पंडरिया वन परिक्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम भेड़ागढ़ में उपस्थिति की खबर के साथ स्थानीय वन अमला उसकी पतासाजी में जुट गया है और दिन रात जंगलों की खाक छान रहा है। बताया जाता है कि मध्यप्रदेश के जंगलों में घूम रहे हाथियों के झुंड को भगाने के लिए वहां के ग्रामीणों ने हो हल्ला किया जिससे बिदक कर एक हाथी भटकते हुए छत्तीसगढ़ की सीमा में प्रवेश कर गया है जिसे कल भेड़ागढ़ और डालामौहा के आसपास देखे जाने की खबर आई थी। जिसके कारण ग्रामीण रातभर घर से बाहर नहीं निकल सके और उन्हें दहशत के बीच ही रात गुजारनी पड़ी। रतजगा करने के साथ ही गांव वालों ने घर के बाहर मशाल जलाकर रखी।

ग्रामीणों की माने तो इस दौरान हाथी ने तीनों गांवों में खूब उत्पात भी मचाया और खेत में धान की फसल को रौंद दिया, जिससे कई किसानों को नुकसान उठाना पड़ा है। हाथी के गांव पहुंचने की खबर मिलने के बाद से वन विभाग अलर्ट हो गया है। वन विभाग के कर्मचारी गांव में मुनादी कर लोगों को हाथी से दूर रहने और जंगल में अकेले घूमने से मना कर रहे हैं। वन विभाग हाथी की निगरानी कर रहा है। सोमवार सुबह हाथी को पोलमी गांव के पास देखा गया है।

इस संबंध में वनमंडल अधिकारी निखिल अग्रवाल ने बताया एक जंगली हाथी रविवार से कबीरधाम जिले में घूम रहा है। हाथी लगातार वन परिक्षेत्र पूर्व और पश्चिम में मूवमेंट कर रहा है। अभी तक किसी तरह के कोई बड़े नुकसान की खबर नहीं मिली है। वन विभाग की टीम लगातार हाथी पर नजर बनाए हुए है। उन्होने बताया कि मुनादी के माध्यम से ग्रामीणों को समझाया जा रहा है।

## हाथी के लीद और पगचिन्हों के सहारे तलाश जारी

इस संबंध में वनपाल संतोष साकत से मिली जानकारी के अनुसार वनकर्मियों की टीम हाथी की पतासाजी में लगी हुई है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक हाथी तो दिखाई नहीं दिया किंतु जंगल में मिले उसकी लीद और पगचिन्हों के आधार पर हाथी के आगे बढ़ने और उसके मौजूदा स्थान का पता लगाया जा रहा है। विभागीय सूत्रों के अनुसार आज शाम तक हाथी के पुनः मध्यप्रदेश की ओर वापसी के संकेत मिले हैं। बताया जा रहा है कि हाल फिलहाल में छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम पंचायत आगरपानी के बोहिल और फिफलीपानी में हाथी के होने की जानकारी मिली है जिसे देखते हुए आज रात अथवा कल सुबह तक उसके ग्राम तिरछुला होते हुए मध्यप्रदेश की सीमा में प्रवेश कर जाने की संभावना है।



फाईल फोटो

## हाथी पर नजर रखना हो रहा कठिन

इस बार जंगली हाथी ऐसे वक्त में जिले के सीमावर्ती वनांचल ग्रामों में दाखिल हुआ है जब बारिश का सीजन चल रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस समय जंगल काफी घना हो चुका है ऐसे में वन विभाग की टीम को हाथी पर नजर बनाए रखने में खासी परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। दूसरी तरफ हाथी को भी इस सीजन में जंगल के भीतर खाने पीने की कोई कमी नहीं है इसलिए वह भी मैदानी और खुले स्थान में नहीं आ रहा है जो अपने आप में चिंता का विषय है।

## खबर संक्षेप

### सांसद संतोष पाण्डेय करेंगे ध्वजारोहण



**कवर्धा।** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय जिला मुख्यालय कवर्धा के आचार्य पंथ श्री गृंधमुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वाजा रोहण करेंगे। सांसद श्री पाण्डेय परेड की सलामी लेंगे और जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित गरिमामय स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके बाद परेड का निरीक्षण करने के बाद मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन होगा। कार्यक्रम में हर्ष फायर और मार्च पास्ट के बाद शालेय छात्र-छात्राओं द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। समारोह में पुरस्कार वितरण के बाद मुख्य अतिथि प्रस्थान करेंगे।

### नगर में 14 अगस्त को स्वतंत्रता दौड़ आयोजित

**कवर्धा।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दौड़ प्रातः 7 बजे से प्रारंभ होगी। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि स्वतंत्रता दौड़ आऊटडोर स्टेडियम कवर्धा से स्वामी करपात्री स्कूल, सरदार पटेल मैदान, भारत माता चौक, वीर जयस्तंभ चौक, गुरूनानक चौक, बाजार से होते हुए ऋषभ देव चौक, एकता चौक, वीर जयस्तंभ चौक, भारत माता चौक से होते हुए स्वामी करपात्री स्कूल से होते हुए आऊटडोर स्टेडियम में समापन होगा। उन्होंने मिडिल स्कूल, हाई स्कूल कॉलेज के विद्यार्थी एवं आम नागरिक गणमान्य नागरिक, प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी एवं समस्त पत्रकार बन्धुओं को स्वतंत्रता दौड़ में शामिल होने की अपील की हैं।

### बारिश से किसानो व लोगों को राहत

**कवर्धा।** बीते दो दिनो से कवर्धा सहित अंचल में रूक-रूककर हो रही हल्की तेज बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है वहीं किसानो के माथे से भी कुछ हद तक फसलों की सिंचाई का टेंशन खत्म हुआ है।

**प्रदर्शन:** जिला कार्यालय के सामने भारतीय किसान संघ ने दिया धरना, जमकर की नारेबाजी

# बार-बार ज्ञापन सौंपने के बाद भी किसानों की समस्याएं यथावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय किसान संघ जिले के किसानो से जुड़ी विभिन्न मांगों और समस्याओं को लेकर बीते कई महिनो से लगातार शासन, प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग करते आ रहा है लेकिन दुर्भाग्य का विषय है किसानो की समस्याओं और मांगों का समाधान होते नहीं दिखाई दे रहा है। यही वजह है कि भारतीय किसान संघ के बैनर तले जिलेभर के किसानों ने सोमवार को एक बार फिर जिला मुख्यालय कवर्धा में मोटर सायकल रैली निकालकर जिला कार्यालय के सामने धरना दिया और अपनी मांगों व समस्याओं से संबंधित ज्ञापन कलेक्टर तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम सौंपा। देखना दिलचस्प होगा की क्या इस बार किसानो के ज्ञापन पर कोई कार्यवाही होगी या फिर आने वाले दिनो में एक बार फिर किसान संघ अपनी इन्हीं मांगों को लेकर शासन-प्रशासन से गुहार लगाते नजर आएगा। भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों की माने तो उन्होने पिछले माह 18 जून 2025 को तहसील स्तर पर ज्ञापन देकर खाद की कमी और कालाबाजारी से प्रशासन को अवगत कराया गया था, किंतु इस विषय को लेकर अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। स्थिति ये है कि जिलें के अधिकांश खाद व्यापारी अभी भी यूरिया निर्धारित मूल्य 266 रूपए के स्थान पर 800 रूपए एवं डीएपी निर्धारित मूल्य 1350 के स्थान पर 2000 रूपए प्रति बोरी के भाव से बेंच रहे हैं। वहीं जिले की अधिकांश कृषक सेवा सहकारी समितियों में खाद की उपलब्धता नहीं है। जिसके कारण कारण किसान परेशान हैं और दुकानों से महंगे दामों में खाद लेने के लिए विवश हो गए हैं। साथ ही प्रदेश में दूसरी प्रमुख समस्या बिजली कटौती है। विद्युत विभाग द्वारा कटौती के नाम पर मनमानी की जा रही है। जिसके कारण कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है। बारिश और बिजली के अभाव में खेतों में फसल सूख रही है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि इन समस्याओं पर अभी तक प्रशासन द्वारा कोई कारगर कार्यवाही नहीं की गई है। जिसके चलते आज एक बार फिर किसानो को जिला मुख्य,ालय कवर्धा पहुंचकर प्रशासन से गुहार लगानी पड़ रही है। किसानो ने बताया कि उन्हाने कलेक्टर को प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर निजी खाद व्यापारियों पर तत्काल कठोर कार्रवाई कर सभी सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद का भण्डारण कराए जाने तथा बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में जिलेभर से आए किसान उपस्थित थे।

## शासन के समक्ष रखी संघ ने कई मांगें



प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन में भारतीय किसान संघ ने खाद, बिजली के अलावा सेवा सहकारी समितियों से किसान को नगदी में खाद दिए जाने, अन्य राज्यों/स्त्रोतों से अतिरिक्त बिजली खरीद कर कृषि पंपो के लिए आवश्यक बिजली की पूर्ति कराए जाने, जहां-जहां पॉवर ट्रांसफार्मर या ओव्हरलोड है, वहां ज्यादा क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाए जाने, नए पंप कनेक्शन की मांग करने वाले उपभोक्ता किसानों को टीसी कनेक्शन दिए जाने, जहां जरूरत हो वहां 11 केव्ही ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाए जाने, ऐसे किसान भाई जिन्होंने अभी तक स्थायी या अस्थायी कनेक्शन के लिए आवेदन नहीं किया है तथा पंप चला रहे है। उनका सर्वे कर उन्हें तुरंत टीसी कनेक्शन दिए जाने, सिंचाई नलों का मरम्मत तथा साफ सफाई की कमी की वजह से बांधों तथा डायवर्सन का पानी किसान तक आवश्यकता के अनुसार नहीं पहुंच रहा है अतः वहां की सफाई तथा मरम्मत किए जाने, सुतिया पाठ नहर विस्तारीकरण के कार्य में गति लाने के लिए जमीन अधिग्रहण सम्बधी कार्य को तेजी से किए जाने, जगमड़वा, घरोला, बडौदाखडी, करिया आमा सहित सभी सिंचाई परियोजनाओं के कार्य में तेजी लाए जाने, गन्ना किसानों को 120 रूपए प्रति क्विंटल बोनस दिए जाने, सभी शेयरधारी किसानों को शीघ्र ही रियायती दर पर 50 किलो शक्कर दिए जाने, सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना के किसानों को 24 करोड़ रूपए के लंबित गन्ना भुगतान की राशि को शीघ्र दिए जाने तथा जिले के दोनों शक्कर कारखानों को घाटे से उबारने के लिए इनके खर्चे में कटौती किए जाने की मांग रखी है।

# अमलीडीह की सरपंच खेलियाबाई पटेल 15 अगस्त को दिल्ली में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित

- ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से अमलीडीह को मिला अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले की जनपद पंचायत कवर्धा के ग्राम पंचायत अमलीडीह की सरपंच श्रीमती खेलिया बाई पटेल ने स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर न केवल अपने पंचायत का बल्कि पूरे जिले और प्रदेश का नाम रौशन किया है। उनके इसी उल्लेखनीय योगदान के चलते उन्हें राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिसव 15 अगस्त 2025 को दिल्ली में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। यह गौरवपूर्ण अवसर अमलीडीह पंचायत ही नहीं, बल्कि पूरे कबीरधाम के लिए गर्व का विषय है, क्योंकि जिले में इस कार्यक्रम में बुलावा पाने वाली वह एकमात्र सरपंच हैं। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत श्रीमती खेलियाबाई पटेल ने अपने पंचायत में स्वच्छता को जन आंदोलन का स्वरूप देते हुए घर-घर कचरा संग्रहण, सामुदायिक शौचालयों का नियमित उपयोग, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण और अन्य स्वच्छता गतिविधियों में लोगों को सक्रिय रूप से जोड़ा। उन्होंने गांव में कचरा निस्तारण की ठोस व्यवस्था लागू कराई, सफाईकर्मियों को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने के लिए प्रेरित किया और ग्रामीणों में निरंतर जागरूकता अभियान चलाकर साफ-सफाई की आदत को जीवनशैली का हिस्सा बनाया। उनके प्रयासों से गांव की गलियां स्वच्छ, नालियां साफ और सार्वजनिक स्थान गंदगी से मुक्त हो गए हैं। आज अमलीडीह का नाम स्वच्छता के मामले में आदर्श पंचायतों में लिया जाता है। इस उपलब्धि में जिले के सरपंच श्रीमती पटेल ने उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा का भी विशेष योगदान है, जिनके मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से पंचायत को लगातार स्वच्छता गतिविधियों को बढ़ावा देने का अवसर मिला। यह गर्व की बात है कि डिप्टी सीएम के क्षेत्र से पूरे जिले में सिर्फ एक सरपंच श्रीमती खेलियाबाई पटेल को प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह के लिए आमन्त्रण मिला है। महिला सरपंच ने कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत अजय त्रिपाठी के प्रति भी विशेष आभार व्यक्त करते हुए बताया कि प्रशासन की सजगता और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से ग्राम अमलीडीह को अवसर मिल रहा है। गांव के लोगों और जिले के नागरिकों ने इस उपलब्धि पर अपार खुशी जताते हुए कहा कि यह सम्मान केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे कबीरधाम जिले का सम्मान है।



# गुरुमाता मिनीमाता की पुण्यतिथि पर सतनामी समाज कवर्धा ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



अविभाजित मध्यभारत एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश की पहली महिला सांसद, समाज सुधारक गुरुमाता मिनीमाता की पुण्यतिथि के अवसर पर 11 अगस्त सोमवार को सतनामी समाज कवर्धा द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मिनीमाता चौक, कवर्धा में किया गया। जहां उपस्थित जनों ने गुरुमाता मिनीमाता की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर, नारियल व पुष्प भेंट कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उनके द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों और समाज सुधार में दिए गए योगदान को भावपूर्ण स्मरण किया गया। कार्यक्रम में समाज के संरक्षक रामकुमार भट्ट पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, सभापति जिला पंचायत, रामप्रसाद मिरी जिला अध्यक्ष सतनामी समाज, श्रीमती सीमा अगम अनंत पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, समाज के वरिष्ठ बाबुदास गोप, पार्षद भीखम कोसले, खिलेश बंजारे प्रदेश संयोजक, संतोष भारती, तिलक कुर्रे, संजीव कुर्रे, अश्वनी बघेल, यश भट्ट, अरविंद कुर्रे, वीरेन्द्र जांगड़े सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता एवं वार्डवासी उपस्थित थे। इस अवसर पर वक्ताओं ने गुरुमाता मिनीमाता के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने सदैव समानता, शिक्षा और सामाजिक उत्थान के लिए कार्य किया। उनके विचार और आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

# पूजा अर्चना के बाद कापादह से निःशुल्क बस सेवा का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोड़ान

क्षेत्र की उत्कृष्ट विधायक एवं समाजसेवी श्रीमती भावना बोहरा के सौजन्य से पण्डरिया महाविद्यालय में दूर दराज के गांवों से आकर पढ़ने वाली छात्राओं की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण हेतु संचालित निःशुल्क बस सेवा का शुभारंभ 11 अगस्त से किया गया। आज दुल्लापुर मंडल के कापादह में बसों की पूजा अर्चना के पश्चात सभी बेटियों के उज्वल भविष्य की कामना के साथ उनके बेहतर शिक्षा व सुगम आवागमन के लिए अपने संकल्प को दोहराते हुए रवाना किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से फलित राम साहू मंडल अध्यक्ष, संतोष साहू उपाध्यक्ष, स्वतंत्र तिवारी महामंत्री, संजय साहू सरपंच कापादह, शंकर साहू, लालजी साहू, सीताराम साहू, बलराम साहू,सोनू साहू सहित, वरिष्ठ नागरिक, पालक एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दुल्लापुर मंडल में मोर तिरंगा-मोर अभियान यात्रा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोड़ान



भाजपा मंडल दुल्लापुर बाजार के अंतर्गत शक्ति केन्द्र मंगली, कोदवागोड़ान और सरईसेत में गत रविवार को हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा, मोर तिरंगा मोर अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मंडल पदाधिकारियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने जहां राष्ट्रीय ध्वज के साथ देश भक्ति पूर्ण नारे लगाते हुए ग्राम भ्रमण किया,वहीं आजादी की वर्षगांठ के पावन अवसर पर लोगों को अपने घरों में सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित भी किया। तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में दुल्लापुर मंडल के अध्यक्ष फलित राम साहू तथा पूर्व अध्यक्ष रोहित भास्कर के अलावा, सुखदेव ध्रुर्वे, राजकुमार यादव सोसायटी अध्यक्ष, संतोष साहू तिरंगा यात्रा प्रभारी, महेश यादव एवं विकास तिवारी सहप्रभारी स्वतंत्र तिवारी महामंत्री भानसिंह पद्राम, रामाअवतार साहू, छून्नी साहू, प्रताप दिवाकर, शक्ति केन्द्र संयोजक गनपत करचाम, स्वारथ साहू, शक्ति केन्द्र संयोजक जलेश्वर साहू सोसाइटी अध्यक्ष सुरेन्द्र साहू, कवल भारती, बलदाऊ श्रीवास, शिवकुमार चंद्राकर सरपंच निर्मलसाकत, श्रीमति सुमन सिंह ठाकुर, राजकुमार साहू, लाल जी साहू , सीताराम साहू, सहित सभी बूथो के अध्यक्ष, सचिव और भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

**दो दिवसीय कचरा प्रबंधन का भविष्य, रुझान और चुनौतियां विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार संपन्न**

# पीजी कॉलेज कवर्धा में अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का भव्य आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के सौजन्य से 06 एवं 07 अगस्त को कचरा प्रबंधन का भविष्य, रुझान और चुनौतियां विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक आयोजन का उद्देश्य वैश्विक एवं स्थानीय स्तर पर अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़ी नवीनतम प्रवृत्तियों, तकनीकी नवाचारों एवं वर्तमान चुनौतियों पर गहन विमर्श एवं अनुभव-साझा करना था। सेमिनार में देश-विदेश के ख्याति प्राप्त विशेषज्ञों ने अपनी सक्रिय सहभागिता दी। चीन से डॉ संतोष कुमार वर्मा एवं राजस्थान से डॉ कांबले प्रमोद निगम्पा ने अपने सारगर्भित व्याख्यानों के माध्यम से अपशिष्ट प्रबंधन के वैज्ञानिक, तकनीकी और व्यावहारिक पक्षों पर प्रकाश डाला।

इसके अतिरिक्त डॉ एचएस होटा, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर ने विषय के विभिन्न आयामों पर विस्तृत चर्चा की। सेमिनार के समापन सत्र हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति डॉ संजय तिवारी अतिथियों का सम्मान के रूप में उपस्थित थें। साथ ही वैज्ञानिक डॉ डीके गौतम (बेल्जियम), जनभागीदारी समिति अध्यक्ष रिंकेश वैष्णव, अजय ठाकुर एवं मुकेश सेन विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन थें। अतिथियों ने समारोह में आयोजित विभिन्न शैक्षणिक एवं नवाचार प्रतियोगिताओं के विजेताओं और प्रतिभागियों को सम्मानित कर उनके प्रयासों का सराहना की। इस आयोजन की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ऋचा मिश्रा ने की। संपूर्ण आयोजन का सफल संचालन एवं समन्वय डॉ दीप्ति जांगड़े, दीपक देवांगन (ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी), आयोजन समिति के समस्त सदस्यगण, सेल महाविद्यालय के नियमित एवं अतिथि प्राध्यापकगण, शोधार्थी, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों के सहयोग से संभव हो सका। मंच संचालन प्रभावशाली ढंग से डॉ सुनीता जाखड़ एवं खेलन प्रसाद महुले द्वारा किया गया। यह अंतर्राष्ट्रीय आयोजन न केवल शैक्षणिक दृष्टि से अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ, बल्कि यह युवाओं में पर्यावरणीय संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन की सामाजिक जिम्मेदारी एवं सतत विकास के प्रति चेतना जाग्रत करने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल के रूप में स्थापित हुआ।

# ग्राम छिरहा स्कूल में हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली गई रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली निकालकर जन मानस को जागरूक किया गया। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि भारत की आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वाधान में हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत किया गया था। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने तथा तिरंगा के साथ एक व्यक्तिगत और भावनात्मक संबंध स्थापित करने के लिए प्रेरित करना है। रैली के माध्यम से पूरे गांव में देशभक्ति का संदेश फैलाया गया, जिससे लोगों में उत्साह व गर्व का माहौल देखने को मिला। रैली में प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी, व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी, वीणाक्षी नामदेव एवं छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### एक ही खेत में मूंगफली व अरहर फसल लहलहा रही, किसानों में भारी उत्साह



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 11 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम सारंगपुर खुर्द के ग्रामीण किसान महादेव ठाकुर ने बताया कि एक ही खेत में दो एकड़ में खेती-किसानी कर आर्थिक धन अर्जित कर रहे है। उन्होने बताया कि अरहर और मूंगफली की जून-जुलाई माह में सभी प्रकार फसल की बुआई की गई। वहीं अरहर व मूंगफली की फसल खेतों में हरा-भरा लहलहा रही है। जिसे देखकर किसान के चेहरे मे भारी खुशी का माहौल बना हुआ है।

### गौ-सेवा की भावना से गौवंश की रक्षा संकल्प के साथ मनाया गया रक्षाबंधन का त्यौहार



हरिभूमि पोंड़ी। पूर्णिमा रक्षा बंधन दिवस और सेवा प्रथम की भावना से गौवंश रक्षा संकल्प सेवा के साथ ही साप्ताहिक शनिवार को हनुमान चालीसा पाठ महाआरती प्रसादी वितरण किया गया। वार्ड 04 वंदे मातरम चौक हनुमान मन्दिर व वार्ड 07 पुराना महादेव शनिदेव मंदिर मे रक्षा सूत्र बांध कर समस्त ग्रामवासी वार्डवासियों की रक्षा करने हेतु ईष्ट देवी-देवताओं से पूजा पाठ किया गया। जिसमे चर्चा के दौरान बताया गया की आज की परिवेश में हमारी गौ-माता की अकारण मृत्यु व जगह-जगह रोड पर गौ-माता की बदहाल जिंदगी की रक्षा करना हमारी परम कर्तव्य है, जिनकी सेवा के लिए हम सब को आगे आना चाहिए। इस अवसर पर हनुमान चालीसा पाठी बंधु महेश निषाद, दुर्गेश यादव, दीपक विप्र सनातनी, दीपक रुद्र चौहान, सत्या साहू, राकेश चौहान, रामकुमार प्रिंस नामदेव, काव्या, सिद्धि धानी, मानसी, तनु नामदेव, छोटी कुंभकार, आशु चौहान अन्य सनातनी गण उपस्थित थें।

### मोहतरा कला में भोजली विसर्जित किया गया



हरिभूमि कोलेगांव। विकासखंड पंडरिया के ग्राम मोहतरा कला में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस बार भी गीतेश्वर चंद्रवंशी के घर पर भोजली माता का विधि-विधान से पूजा अर्चना कर बैंड पार्टी के साथ धूमधाम से पूरे ग्राम भ्रमण करते हुए गंगा स्नान के लिए ले जाया गया। वहीं ग्रामीणों द्वारा जगह जगह विधि विधान से पूजा अर्चना कर विदाई दी गई। इस दौरान समस्त ग्रामवासी गण एक साथ प्रभु श्री सीताराम भजन के साथ गंगा स्नान में शामिल हुए।

## पेज 09 का शेष

### दो जिलों में फैला...

इस पूरे प्रकरण में चार कर्मचारी मोहला तथा चार कर्मचारी खैरागढ़ तथा एक रायपुर मंत्रालय में पदस्थ बताया जा रहा है। जिनका वेतन शिक्षा विभाग से निकाला जा रहा है। मामला सामने आने के बाद कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने सच्चाई की पड़ताल के लिए स्थानीय स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश करते हुए कलेक्टोरेट में नियुक्त शादाब उस्मान, मोहम्मद अमीन शेख को उनके विभागीय चार्ज से पृथक कर दिया है।

### स्कूल से लापता...

लापता हो गए, जो बिलासपुर कोटा से बरामद हुए हैं। घटना को लेकर बताया गया कि स्कूल से लापता हुए 15 वर्षीय नाबालिग छात्र तथा 16 वर्षीय छात्रा मोहला स्थित मां छुरिया ज्वेलर्स पहुंचे, जहां साढे 13 हजार रुपए में सोना बेचकर बिलासपुर कोटा पहुंच गए। गुमशुदगी के तीन-चार दिनों के भीतर छात्रा के साथ वहां आनाचार की घटना घट गई। इस मामले में सहपाठी सहित बिलासपुर कोटा में रूम दिलाने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं मामले में मोहला स्थित ज्वेलरी के संचालक की भूमिका को संदिग्ध बताई जा रही है, जिस पर फिलहाल पुलिस ने किसी तरह की कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की है।

**पहल : महाविद्यालयीन छात्राओं हेतु निःशुल्क बस सेवा का संचालन प्रारम्भ**

# विधायक भावना द्वारा संचालित निःशुल्क बस सेवा छात्राओं, परिजनों व ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

पंडरिया विधानसभा अंतर्गत महाविद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं को सुगम व सुरक्षित आवागमन की सुविधा हेतु विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा संचालित 8 निःशुल्क बस सेवा का संचालन 11 अगस्त से प्रारंभ हुआ। इसके पूर्व 10 अगस्त को भावना बोहरा ने सभी बसों की पूजा कर छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। श्रीमती भावना बोहरा द्वारा इस निःशुल्क बस सेवा के माध्यम से विधानसभा की 1000 हजार छात्राओं को लाभ पहुंचाने एवं उनके उज्जवल भविष्य की राह सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। आज बस प्रारम्भ होने के साथ ही कवर्धा, पिपरिया, सहसपुर लोहारा, पंडरिया एवं पांडातराई महाविद्यालय में पढ़ने वाली उन ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं को लाभ मिल रहा है, जो आवागमन के अभाव में अपने आगे की शिक्षा ग्रहण करने में असमर्थ थी। इसके साथ ही उनके परिजनों को आर्थिक व मानसिक रूप से भी सम्बल मिल रहा है जो अपनी बेटियों की शिक्षा और उनके सुरक्षित आवागमन की सुविधा को लेकर संशय में रहते थे। बताया जाता है कि पूर्व में भावना बोहरा द्वारा 3 निःशुल्क बसों का संचालन किया जा रहा था। भावना दीदी की गारंटी में उन्होंने संकल्प किया था कि इन बसों का विस्तार पूरे पंडरिया विधानसभा में किया जाएगा। अपने संकल्प को पूरा करते हुए 6 जुलाई को अतिरिक्त 5 निःशुल्क बस सेवा का शुभारंभ किया गया, इस प्रकार कुल 8 निःशुल्क बस सेवा का संचालन पंडरिया विधानसभा की छात्राओं को घर से महाविद्यालय एवं महाविद्यालय से घर आने-जाने हेतु सुरक्षित व सुगम आवागमन की सुविधा मिल रही है। जैसे-जैसे बसें अपने गंतव्य की ओर बढ़ रही थी छात्राओं, उनके परिजनों और ग्रामवासियों में उत्साह देखने को मिला। सभी ने बसों के आगमन पर उनका स्वागत कर पूजा-अर्चना की और पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा बेटियों को शिक्षित कर आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए इस सार्थक प्रयास हेतु उनका आभार व्यक्त किया। परिजनों के चेहरे पर सुकून भरी मुस्कान थी तो वहीं छात्राओं में अपने सुरक्षित व उज्जवल भविष्य की चमक स्पष्ट रूप से दिखाई दी।



**बस सेवा के संचालन से सुरक्षित आवागमन की सुविधा होगी**

उन्होंने कहा कि हमें विश्वास है कि इस बस सेवा के संचालन से पंडरिया, पांडातराई, पिपरिया, सहसपुर लोहरा एवं कवर्धा महाविद्यालय में अध्ययनरत पंडरिया विधानसभा की छात्राओं को घर से महाविद्यालय एवं महाविद्यालय से घर आने-जाने के लिए सुरक्षित आवागमन की सुविधा होगी साथ ही ऐसी बहुत सी बेटियां जो आवागमन की कमी होने की वजह से अपनी आगे की पढ़ाई पूरी करने में असमर्थ हैं, उन्हें अपनी पढ़ाई पूरी करने एवं उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। इसके साथ ही उन सभी परिजनों एवं अभिभावकों को भी अपनी बेटियों की शिक्षा एवं उनकी सुरक्षा के लिए चिंतामुक्त करेगी। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान एवं नारी शक्ति के सशक्तिकरण के लिए उनकी प्रतिबद्धता से प्रेरणा लेकर हमने यह प्रयास किया है। हमारा लक्ष्य यही है कि हमारी बेटियां भी अपनी आकांक्षाओं को पूरा करें, शिक्षा ग्रहण करें और अपने माता-पिता एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाएं।

**क्षेत्र की बेटियों के सशक्तिकरण और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए जो संकल्प किया था आज वह पुरा हुआ**

विधायक ने कहा कि यह मेरे लिए अत्यंत ही भावनात्मक एवं सुखद क्षण है। भावना दीदी की गारंटी में हमने क्षेत्र की बेटियों के सशक्तिकरण और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए जो संकल्प किया था आज वह पूरी हुई। उन सभी बेटियों के मुस्कुराते चेहरे और परिजनों की आंखों में अपनी बेटियों की शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य की नई उम्मीद एवं सपनों की चमक, अत्यंत ही संतोषजनक है। यह बस सेवा बेटियों की शिक्षा एवं उनके उज्जवल भविष्य का आधार ही नही बल्कि उन सैकड़ों बेटियों और उनके परिजनों के लिए एक उम्मीद-एक आशा है अपने सपनों को पूरा करने की। मैं सभी बेटियों और उनके परिजनों को बधाई देती हूँ।

# देश के प्रसिद्ध 40वें अंतर्राष्ट्रीय चक्रधर समारोह में होगी सचिन की नृत्य प्रस्तुति

## चक्रधर समारोह 27 अगस्त से 5 सितंबर तक आयोजित होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

रायगढ़ नरेश संगीत सम्राट राजा चक्रधर सिंह के याद में आयोजित चक्रधर समारोह 2025 में कबीरधाम जिले के इकलौते कथक नर्तक सचिन कुम्हरे का नृत्य प्रस्तुति 2 सितंबर को होगी। सन 1985 से चक्रधर समारोह की शुरुआत की गई तब से लेकर आज तक हर वर्ष गणेश चतुर्थी के दूसरे दिन से भव्य चक्रधर समारोह का आयोजन जिला प्रशासन रायगढ़ व चक्रधर आयोजन समिति द्वारा आयोजित किया जाता है।

यह आयोजन दस दिवसीय होता है इस आयोजन में विश्व विख्यात कलाकारों और संगीतकारों को प्रस्तुति हेतु आमंत्रित किया जाता है और पूरे दस दिनों तक गीत, संगीत, नृत्य आदि कलाओं का मंचन इस ख्याति प्राप्त मंच पर होता है। क्षेत्रिय कलाकारों के साथ-साथ इस कला कुंभ में पद्मश्री, पद्मभूषण, पद्मविभूषण सभी कलाकार अपनी प्रस्तुति देते हैं, पद्मश्री हेमा मालिनी, पद्मश्री मीनाक्षी शेषाद्रि, पंडित छन्नू लाल मिश्रा, पंडित राजन साजन मिश्रा जैसे ख्याति प्राप्त कलाकार इस मंच पर अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं। इस वर्ष




चक्रधर समारोह का आयोजन 27 अगस्त से 5 सितंबर तक किया जा रहा है, जिसमे जिले के युवा कलाकार सचिन कुम्हरे को भी प्रस्तुति हेतु आमंत्रित किया गया है, 2 सितंबर को चक्रधर समारोह के विश्व विख्यात मंच पर सचिन कुम्हरे अपना एकल कथक नृत्य प्रस्तुत करेंगे, साथ ही इस बार देश के नामचीन कलाकार भी इस समारोह में शिरकत करेंगे।

अंतर्राष्ट्रीय कथक नर्तक पंडित राजेंद्र गंगानी दिल्ली, पद्मश्री कैलाश खैर मुंबई, पद्मश्री राधेश्याम बंजारे, पं योगेश समशी, कुमार विश्वास जैसे कई धुरन्धर कलाकार सामिल होंगे। सचिन की नृत्य प्रस्तुति अनेको राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मंचों पर हो चुकी है साथ ही सचिन को दूरदर्शन केंद्र रायपुर से ग्रेडेड कलाकार होने का दर्जा भी प्राप्त है कई राष्ट्रीय सम्मानों से भी सचिन विभूषित है। चक्रधर समारोह 2025 में अपनी प्रस्तुति को लेकर सचिन अत्यंत प्रसन्ता जाहिर कर रहे हैं और अपनी सफल प्रस्तुति हेतु निरंतर अभ्यास कर रहें है, अपनी इस पूरी सफलता का श्रेय सचिन कुम्हरे ईश्वर के साथ-साथ अपने माता पिता और सभी गुरुओं को देते हैं।

# गाबो-बजाबो गोठियाबो की शूटिंग संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला मुख्यालय स्थित शारदा संगीत महाविद्यालय के हाल में राष्ट्रीय संगीत नाटक अकादमी से सम्मानित वरिष्ठ लोक गायक राकेश तिवारी द्वारा संचालित कार्यक्रम गाबो बजाबो गोठियाबो की शूटिंग 10 अगस्त को हुई। जिसमें कबीरधाम अंचल के लोकगायक गुरुदास मानिकपुरी, लोक गायक प्रमोद सेन, पंडवानी गायिका दुर्गा साहू, सुगम गायक रामखिलावन लांझेकर, लोकगायिका सुप्रीता पटेल, सुगम, शास्त्रीय तथा लोक गायक प्रबुद्ध शर्मा, पंडवानी गायिका रामबाई साहू ने अपने-अपने कला यात्रा एवं संघर्ष से अवगत कराया। सभी कलाकारों ने अपने-अपने अंदाज में लोक संगीत की प्रस्तुति दी, जिसे श्री तिवारी द्वारा सराहना की गई। कार्यक्रम के आरंभ में गुरुदास मानिकपुरी तथा प्रमोद सेन द्वारा राकेश तिवारी का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। इस अवसर पर राकेश तिवारी ने कार्यक्रम के बारे में बताया कि छत्तीसगढ़ के लोकगीत संगीत के संरक्षण संवर्धन के लिए यह कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है, इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ के जनमानस द्वारा काफी सराहा जा रहा है, इसका प्रसारण राकेश तिवारी जेवरा यूट्यूब चैनल के माध्यम से किया जाएगा।

# स्कूली बच्चों ने रैली निकालकर ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

हर-घर तिरंगा अभियान अंतर्गत हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत सोमवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला व हाई के छात्र छात्राओं द्वारा मिलकर लोगो को जन-जागरूक किया। तिरंगा रैली गांव के मुख्य गलियों, चौक-चौराहों में विद्यार्थियों द्वारा नारे लगाते हुए



लोगो को अपने घरों में तिरंगा लगाने की अपील किया। स्कूली बच्चों ने इंकलाब जिंदाबाद, जय हिंद, वंदेमातरम् की नारे लगाकर देशभक्ति, देश प्रेम का अलख जगाने, तिरंगे झंडे का महत्व को बताया गया साथ ही साथ 15 अगस्त तक हर घर में तिरंगा लहराने की अपील की गई। तिरंगा झंडा देश का प्रतीक होता है इसलिए हर घर में तिरंगा फहराया जाए, ताकि लोगों के मन में देशभक्ति राष्ट्र प्रेम का भाव जागृत हो सके। इस कार्यक्रम में हाई स्कूल के संस्था प्रमुख लक्ष्मण मिरी, सीमा वर्मा, कामना श्रीवास्तव, योगेश चौरिया, मुरली प्रसाद झारिया, फागुराम डिंडोरे, विपिन शर्मा, संध्या बंजारा, रुद्राणी राजपूत, नारायण लहरे, मुकेश ठाकुर, रजनी कोसरिया एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

## घुघरीकला स्कूल में तिरंगा रैली एवं राखी प्रतियोगिता आयोजित



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घुघरीकला में शासन प्रशासन के निर्देशानुसार स्वतंत्रता दिवस के पूर्व तिरंगा रैली का भव्य आयोजन किया गया। रैली में विद्यार्थियों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर पूरे जोश और उत्साह के साथ भारत माता की जय घोष तथा वंदे मातरम के नारों से गांव की गलियों में देशभक्ति का वातावरण निर्मित किया। रैली के माध्यम से हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने और प्रत्येक नागरिक को अपने घर में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया गया। रैली के उपरांत विद्यालय परिषर में राखी बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने अपने कौशल और रचनात्मकता का परिचय देते हुए रंग-बिरंगी, आकर्षक और स्वनिर्मित मनमोहक राखियां प्रदर्शित कीं। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को शिक्षक रूपेश तिवारी एवं शाला प्रबंधन समिति उपाध्यक्ष चैतराम साहू द्वारा नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय के प्रधान पाठक धर्मेंद्र शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार एवं ग्रामवासी एकजुट होकर बच्चों के हुनर की सराहना की। इस कार्यक्रम में शिक्षक रोहित साहू, ईवन-किशोर नेताम, शिक्षिका श्रीमती विद्या साहू, शाला प्रबंधन समिति सदस्य कार्तिक साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थें। कार्यक्रम का सफल संचालन देशभक्ति गीतों और नारों के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल में हुआ, जिससे बच्चों में देश प्रेम, सांस्कृतिक मूल्यों और आपसी भाईचारे की भावना और प्रबल हुई।

# चुनावी वर्ष के धान के बोनस का अंतिम किश्त सरकार शीघ्र दें: यशवंत चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

किसान संघ के प्रदेश कार्यसमिति कार्यकारिणी एवं किसान नेता यशवंत चंद्राकर ने सरकार से मांग



किया है कि चुनावी वर्ष में बिक्री किए गए धान के बोनस का अंतिम किश्त जारी होने के पूर्व ही आचार संहिता लगने के कारण किसानों को अंतिम किश्त भुगतान नहीं किया गया है, वर्तमान सरकार अपनी संवेदना दिखाते हुए यथाशीघ्र सत्र 2022-23 के अंतिम किस्त को किसानों के खाते में समायोजित करें चार में से तीन किश्त जमा होने के बाद आचार संहिता के वजह से यह किश्त लंबित हो गया। उन्होंने बताया कि प्रति एकड़ 625 रुपए प्रति क्विंटल बोनस के हिसाब से अंतिम किश्त 156 रुपए प्रति क्विंटल किसानों को दे अगर इसी हिसाब से 100 क्विंटल का आकलन करें तो 156 रुपए प्रति 100 क्विंटल की राशि के हिसाब से सरकार के पास किसानों का पैसा 15600 शेष रह गया है।

किसान नेता यशवंत चंद्राकर भाजपा के पूर्व 15 वर्ष के कार्यकाल में किसानों की हक को सरकार के पास रखने वाले व्यक्तियों में गिने जाते रहे हैं, उनका सलाह सर्वथा सरकार के पक्ष में रहा है। 15 वर्ष के भाजपा शासन कार्यकाल में भी 300 प्रति क्विंटल बोनस का वादा करके तृतीय पंचवर्षीय में डॉ रमन सिंह ने बोनस की राशि किसानों को नहीं दिया, श्री चंद्राकर के अनुसार शायद किसानों के इसी नाराजगी के चलते सरकार सत्ता में आते-आते चूक गई थी, जिसे अभी वर्तमान चुनावी मुद्दों में भाजपा के चुनाव प्रभारी विजय बघेल दुर्ग सांसद पुराने 300 बोनस की राशि को घोषणा पत्र में शामिल भी किए थे और दिए भी हैं आज किसान लगातार धान की रकबा का बढ़ोत्तरी अगर कर रहे हैं तो केवल बोनस को देखकर ही कर रहे हैं, ऐसे में सरकार को गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए किसानों को बोनस की राशि जरूर दें। ताकि समृद्ध किसान खुशहाल किसान और खुशहाल सरकार बना सक।

किसान नेता यशवंत चंद्राकर ने अपने बयान में यह भी बताया कि सरकार को गर्मी धन लेने की घोषणा करने के बाद उसकी खरीदी करनी चाहिए थी घोषणा करने के बाद पिछले गर्मी धान को नहीं खरीदना भी सरकार का किसानों के प्रति उदासीन रवैया है समाचार पत्र के माध्यम से चंद्राकर ने किसानों के पक्ष में बोनस की राशि के बजाय सरकार की लोकप्रियता के ग्राफ में आ रही गिरावट को भी इंगित किया है।

**भोजली उत्सव में ग्रामवासियों ने बड़ी संख्या में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया**

# कामठी स्कूल में भोजली उत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई कुकदूर

हमारा गौरव हमारा विद्यालय सपनों का विद्यालय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामठी में प्राचार्य आरएन राजपूत के मार्गदर्शन तथा व्याख्याता तुलस चंद्राकर और कोमल धृतलहरें के नेतृत्व में भोजली उत्सव बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य श्रीमती दीपा पप्पु धुर्वे, विद्यालय अध्यक्ष द्वारिका विश्वकर्मा, सरपंच श्रीमती पार्वती मेश्राम, पालक सदस्य लकेश यादव, संतराम मेश्राम, सचिव पंचराम पटेल, प्राचार्य व समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी व भोजली की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया गया। वहीं गाजे बाजे व बैण्ड पार्टी के ताल में नगर भ्रमण कर भोंजली विसर्जन किया गया, इस उत्सव में ग्रामवासियों ने बड़ी संख्या में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

प्राचार्य आरएन राजपूत व राजेश शर्मा ने कहा भोजली मित्रता व किसान के नए फसल आने के प्रतीकात्मक रूप है तथा इसे विसर्जन कर किसान अच्छी फसल की कामना की जाती है, यह अनादिकाल से चली आ रही यह परंपरा व संस्कृति का अभिन्न अंग है यह अन्न माता व प्रकृति की सेवा है। शिक्षक तुलस चंद्राकर ने बताया यह उत्सव बड़े ही धूमधाम से रक्षाबंधन के दूसरा दिन मनाते है, विद्यालय में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से मनाया गया।

जिला पंचायत सदस्य श्रीमती दीपा पप्पु धुर्वे, विद्यालय के छोटे-बड़े हर कार्यक्रम में उपस्थित होकर उत्साह बढ़ाते है। इस कार्यक्रम की पूरे ग्रामवासी जमकर प्रंशसा की। साथ ही साथ गांव के महिला व पुरुष सैकड़ों की संख्या में इस कार्यक्रम में शामिल हुए और आनंद लिए। कोमल धृतलहरें ने बताया विद्यालय में इस वर्ष 121 छात्राओं द्वारा विगत दिवस भोंजली का बाउग किया गया था, आज बाजे-गाजे के साथ विद्यालय के विद्यार्थी यादव के वेश-भूषा में नाचते गाते बड़े ही धूमधाम से भोजली उत्सव मनाकर विसर्जन किया गया। वहीं विद्यार्थियों ने बड़ों व गुरुजनों को भोजली भेंटकर की गई। इस अवसर पर समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं, गणमान्य नागरिक व छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थें।